वर्ष : 33 ▸ अंक : 173 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 7 सितंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


**गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं**



▸▸ मुंबई सहित पूरे देश में गणेशोत्सव की धूम

▸▸ आज होगा बप्पा का आगमन

# आले रे आले गणपति बप्पा आले

## बप्पा के आगमन की पूरी हुई तैयारी

अमित बृज | मुंबई

भगवान गणेश के स्वागत में मुंबई सहित पूरा महाराष्ट्र भक्ति में डूब गया है। हर जगह खूबसूरत पंडालों और घरों की सजावट देखते ही बन रही है। इस बार 100 सालों के बाद गणेश चतुर्थी पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, ब्रह्म योग, रवि योग और इंद्र योग का संयोग बन रहा है। इस बार बप्पा की पूजा स्वाति और चित्रा नक्षत्र में होगी। इतने सारे शुभ संयोग में भगवान गणेश की आराधना करने वालों के जीवन में मंगल ही मंगल आएगा।

### गणेशोत्सव के लिए पूरी मशीनरी तैयार

मुंबई मनपा ने गणेशोत्सव के लिए पूरी मशीनरी तैयार रखी है। बप्पा के आगमन और विसर्जन वाली सड़कों की मरम्मत कर दी गई है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 240 कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं। शहर और पूर्व-पश्चिम उपनगरों में कुल 69 प्राकृतिक तालाबों की व्यवस्था की गई है। इसी तरह चौपाटी पर भी गणेश विसर्जन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मनपा प्रशासन ने बताया कि वार्ड स्तर पर मोबाइल विसर्जन स्थलों के साथ ही गणेश प्रतिमा संग्रहण केंद्र भी होंगे।

### 2 .60 लाख गणेश प्रतिमाएं पूजा के लिए तैयार

इस बार 2 .60 लाख गणेश प्रतिमाएं पूजा के लिए तैयार हैं, जो पिछले साल की तुलना में 10,000 ज्यादा हैं। बृहन्मुंबई सार्वजनिक गणेश उत्सव समन्वय समिति के अध्यक्ष नरेश दहिबावकर के अनुसार मुंबई में नई सोसायटीज और पंडाल तेजी से बढ़ रहे हैं। 2023 में सार्वजनिक पंडालों की संख्या लगभग 3,200 थी, जो इस बार बढ़कर 3,500 हो गई है। सोसायटी पंडाल की संख्या भी 9,000 से बढ़कर 10,000 हो गई है।

### नंबर गेम

- ▸▸ 2.60 लाख गणेश प्रतिमाओं का होगा पूजन
- ▸▸ 3,500 सार्वजनिक, 10,000 सोसायटी पंडाल
- ▸▸ 240 कृत्रिम तालाब विसर्जन के लिए बनाए गए

### गणेश चतुर्थी मूर्ति स्थापना का शुभ मुहूर्त

- अभिजित मुहूर्त का समय सुबह 11 बजकर 54 मिनट से दोपहर में 12 बजकर 44 मिनट तक।
- सर्वार्थ सिद्धि योग दोपहर में 12 बजकर 34 मिनट तक।
- शुभ चौघड़िया का समय सुबह 8 बजे से 9 बजकर 33 मिनट तक।
- चल चौघड़िया का समय दोपहर में 12 बजकर 38 मिनट से 2 बजकर 11 मिनट तक।

### इस तरह की गई तैयारी

मनपा प्रशासन ने कहा कि सभी 24 प्रशासनिक प्रभागों में 24 समन्वय समितियां स्थापित की गई हैं, ताकि गणेशोत्सव सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। इसमें मनपा के सहायक आयुक्तों और संबंधित अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारी, बृहन्मुंबई सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के प्रतिनिधि और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। इसी तरह विसर्जन के दिन कई स्थानों पर वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं के रूप में लाइफगार्ड मोटर बोट, चिकित्सा सेवाएं, एम्बुलेंस आदि सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### छोटे-बड़े सभी बाजारों और दुकानों में भारी

बप्पा के स्वागत की तैयारी के लिए अंतिम समय तक लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं जिसके वजह से छोटे-बड़े सभी बाजारों और दुकानों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। 10 दिन तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान इस साल महाराष्ट्र में 11000 करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है। जबकि इस त्यौहार के दौरान 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है।

डिजाइन
सतीश शर्मा

### 12420 पुलिसकर्मी तैनात, ट्रैफिक से सुरक्षा तक खास इंतजाम

मुंबई पुलिस ने हर साल की तरह इस बार भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुंबई पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर भर में 32 डीसीपी, 45 एसीपी, 2435 पुलिस अधिकारी समेत लगभग 12420 के करीब पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा शहर भर में रैपिड रिस्पांस टीम, राइट्स कंट्रोल टीम, होमगार्ड समेत अन्य सुरक्षा दल शहर की निगरानी करेंगे।

### सूचना



सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभिचंतकों को सूचित किया जाता है कि आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में **दो बजे दोपहर** का कार्यालय बंद रहेगा। इसलिए रविवार, 8 सितंबर का अंक प्रकाशित नहीं होगा। सोमवार 9 सितंबर का अंक प्रकाशित होगा।
- संपादक

# टाइम्स टावर में लगी आग

## पांच घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू



**मुंबई।** मुंबई के लोअर परेल स्थित कमला मिल्स कंपाउंड के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स टाइम्स टावर में कल सुबह करीब साढ़े छह बजे अचानक आग लग गई। १४ मंजिला टाइम्स टावर में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियों सहित दमकल के जवान मौके पर पहुंच गए। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद सुबह ११.५५ बजे आग को काबू करने में सफलता मिली है। बताया गया कि इस इमारत में कई बड़े रेस्टोरेंट्स, पब, टीवी न्यूज चैनल और कंपनियों के ऑफिस हैं। मनपा अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग बिल्डिंग की तीसरे और ७वें फ्लोर के बीच लगी थी। हालांकि, लपटें काफी ऊपर तक उठीं। दमकल की टीम ने आग बुझाने के लिए क्रेन की मदद ली। आग की लपटें बुझने के बाद भी बिल्डिंग से काफी देर तक धुआं निकलता रहा।

# सीबीआई करेगी अभिषेक घोसालकर हत्याकांड की जांच

## पत्नी तेजस्वी घोसालकर ने याचिका दायर कर की थी सीबीआई जांच की मांग

धीरज सिंह | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना उद्धव गुट के पूर्व नगर सेवक अभिषेक घोसालकर हत्याकांड की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच सौंपी दी है।अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मुंबई पुलिस ने घोसालकर हत्या के सभी पहलुओं से जांच नहीं की। पूर्व विधायक विनोद घोसालकर के बेटे अभिषेक की 8 फरवरी को बोरीवली में एक सोशल मीडिया लाइव के दौरान कथित तौर पर उनके पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मौरिस नोरोन्हा ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी तेजस्वी घोसालकर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी।

### हाई कोर्ट ने कहा- पुलिस ने नहीं की तहक़ीक़ात



न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक की पीठ ने 10 जुलाई को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने शुक्रवार को तेजस्वी घोसालकर की याचिका स्वीकार करते हुए मामले की सीबीआई को सौंप दी और मुंबई पुलिस को जांच के कागजात दो सप्ताह के भीतर जल्द से जल्द सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। साथ ही पीठ ने सीबीआई के क्षेत्रीय निदेशक को मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे का कोई आईपीएस कैडर अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि सीबीआई अपने अधिकारियों की टीम नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र है। पुलिस ने मामले में सभी ऐंगल से जांच नहीं की और ऐसी चूक जारी नहीं रहने दी जा सकती है, क्योंकि इससे न्याय की विफलता होगी।

# मुश्किल में विधायक जितेंद्र आव्हाड

## गलत जानकारी फैलाकर सरकार को बदनाम करने का मामला दर्ज

दीपक पवार | मुंबई



किसानों को गुमराह करने के आरोप में शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र के राजस्व और वन विभाग ने मंगलवार को एक परिपत्र जारी किया था। इसमें आत्महत्या करने वाले किसानों के उत्तराधिकारियों की मदद से जुड़ी जानकारी थी। इसको लेकर शरद पवार गुट के नेता आव्हाड ने सरकार की आलोचना की और पूछा कि क्या किसान परिवार के लिए पैसे नहीं हैं? इस मामले में अब जितेंद्र अव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। संभाजीनगर वालुंज एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में आव्हाड के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सरकार के एक जीआर का कथित तौर पर गलत संदर्भ देते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने अब आत्महत्या पीड़ितों के परिवारों को मदद देना बंद कर दिया है।

# मुंबई से फ्रैंकफर्ट जा रही विस्तारा की फ्लाइट डायवर्ट, तुर्की में लैंडिंग

**मुंबई।** प्लेन में बम है... शुक्रवार को मुंबई से फ्रैंकफर्ट (यूके 27) की ओर जा रहे विस्तारा बोइंग 787 के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर पर यह मैसेज लिखा था। इसके बाद विमान को 'सुरक्षा कारणों' से तुर्की के एर्जुरूम एयरपोर्ट की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद विमान (VT-TSQ) तुर्की में सुरक्षित रूप से उतारा गया। वहां इसकी पूरी तरह से जांच की जाएगी। घटना को लेकर विस्तारा ने बताया कि उनकी फ्लाइट 27, जो 6 सितंबर, 2024 को मुंबई से फ्रैंकफर्ट के लिए ऑपरेट हो रही थी, को एक सुरक्षा चिंता के कारण तुर्की मोड़ दिया गया था। कंपनी ने कहा कि इसे हमारे चालक दल ने ऑनबोर्ड नोट किया था। विमान एर्जुरम एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतरा है।




# नशे में धुत रिक्शा चालकों ने की ट्रैफिक पुलिस की पिटाई



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर के पास शुक्रवार दोपहर एक नशे में धुत रिक्शा चालक द्वारा ट्रैफिक पुलिस अधिकारी पर हमला करने की चौंकाने वाली घटना घटी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सेंट्रल पुलिस ने एक रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी फरार हैं।

## एक व्यक्ति गिरफ्तार

### मारपीट की घटना कैमरे में कैद

शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे गुलराज टावर परिसर में नशे में धुत रिक्शा चालक ने स्कूटी सवार युवती के एक्टिवा स्कूटर को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस मोहन नारायण पाटिल ने तुरंत हस्तक्षेप किया और रिक्शा चालक को रोकने की कोशिश की। लेकिन गुस्साए रिक्शा चालक ने उस पर हमला कर दिया। इसी बीच दो और रिक्शा चालक आए और उन्होंने भी पुलिस कांस्टेबल पाटिल की पिटाई की। घटना के वक्त छावा संस्था के निखिल गोले और उनके साथी पास में ही गड्ढे भरने का काम कर रहे थे। उन्होंने तुरंत हस्तक्षेप किया और ट्रैफिक पुलिसकर्मी को बचाने की कोशिश की। घटना की जानकारी जैसे ही सेंट्रल पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और एक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं। इस घटना में ट्रैफिक पुलिस मोहन पाटिल को मामूली चोटें आयी है। आगे की जांच सेंटल पुलिस कर रही है।

# डोंबिवली में मिला साढ़े छह फुट का अजगर

- सेवा संस्था ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

डोंबिवली के निवासी इलाके में देर रात एक बड़ा सांप दिखाई जिसके बाद घबराए लोगों ने विजय पाटिल नामक व्यक्ति को बताया। विजय पाटील ने तुरंत इसकी जानकारी सेवा संस्था को दी। सूचना मिलते ही, रात के समय सेवा संस्था के सदस्य पूर्वेश कोरी, सुभाष पांडियन, और उनकी बेटी मयूरी पांडियन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होने देखा वह सांप नही बल्कि साढ़े छह फुट लंबा अजगर है। सेवा संस्था के कार्यकर्ताओं ने सावधानीपूर्वक अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया।

### अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ा

उन्होंने स्थानीय निवासियों के बीच अजगर को ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। सेवा संस्था ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि बढ़ते शहरीकरण के कारण वन्यजीवों का निवास स्थान कम हो रहा है, इसलिए वह लोगों की बस्ती में आते हैं, सांपों को मारने के बजाय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# दंगा नियंत्रण दस्ते का मॉक ड्रिल एवं रूट मार्च



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

आगामी गणेशोत्सव और ईद-ए-मिलाद के अवसर पर, विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन ने उल्हासनगर शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए दंगा नियंत्रण टीम का एक विशेष मॉक ड्रिल और रूट मार्च आयोजित किया. विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के हद कुर्ला कैंप परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण में नागरिकों को पुलिस प्रणाली की तैयारियों का अनुभव हुआ।

### सामूहिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

इस कार्यक्रम में दंगा नियंत्रण टीम ने संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक उपायों का प्रदर्शन किया। रूट मार्च के माध्यम से पुलिस टीम शहर के मुख्य हिस्सों में घूमी, जिससे नागरिकों में यह विश्वास पैदा हुआ कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था चौकस है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने कहा, ₹गणेश महोत्सव और ईद-ए-मिलाद जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान, समाज में सद्भाव बनाए रखना महत्वपूर्ण है। नागरिकों को सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों का शिकार हुए बिना शांति और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। अफवाहों या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस प्रशासन से संपर्क करें।" और "दंगा नियंत्रण दस्ता प्रशिक्षण और रूट मार्च के पीछे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिक भयमुक्त और आनंद के साथ त्योहार मनाएं. पुलिस बल नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है और इसी उद्देश्य से हम प्रयास कर रहे हैं." आत्मविश्वास जगाने के लिए।₹ शहर के विभिन्न हिस्सों से निकले इस रूट मार्च को लेकर नागरिकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली. यह पुलिस और नागरिकों के बीच संचार बढ़ाने और सामूहिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गणेशोत्सव को लेकर मनपा आयुक्त ने किया गणेश घाट का दौरा

दोपहर संवाददाता | कल्याण



मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने शुक्रवार को गणेशघाट का दौरा कर विसर्जन को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। गणेश घाट पर कल्याण से लेकर उल्हासनगर तक सभी बड़ी - बड़ी गणेश मूर्तियां विसर्जन के लिए लाई जाती हैं। आपको बता दें कि पहले इस स्थान पर दुर्गामाता चौक से गणेशघाट की ओर जाने वाली दो सड़कें थीं। इनमें से एक सड़क का उपयोग प्रवेश के लिए और दूसरे का बाहर निकलने के लिए किया जाता था। लेकिन स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इस स्थान पर बनाए जा रहे नौसेना संग्रहालय के कारण इस वर्ष इनमें से एक मार्ग को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसलिए पुलिस विभाग और सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों द्वारा विसर्जन के लिए आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग की जा रही थी। भक्तों की सुविधा के लिए केडीएमसी द्वारा रिंग रोड स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप से दुर्गाडी गणेश घाट तक वैकल्पिक सड़क बनाने का काम तेज़ गति से चल रहा है।

# उधार दिए पैसों को लौटाने को लेकर दुकान मालिक ने की किराएदार की हत्या

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

ठाणे जिले के उल्हासनगर में उधार दिए पैसों को लौटाने की बात को लेकर किराएदार एवं दुकान मालिक के बीच हुई कहासुनी बाद में खून खराबे में तब्दील हो गई। इसमें दुकान मालिक द्वारा अपने किरायेदार पर कैंची से किए गए हमले में किराएदार इलियास शेख (39) की मौत हो गई। दुकान मालिक आरोपी अमर कन्हैयालाल माखीजा उर्फ शेरा को पुलिस में गिरफ्तार कर लिया है। घटना गुरुवार देर रात साढ़े 12 बजे जापानी बाजार के पीछे एवन डेरी मार्ट के पास की बताई गई है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय कैंप नंबर एक पुलिस स्टेशन के कार्यक्षेत्र में मृतक इलियास शेख विगत सात-आठ वर्षों से नाई की दुकान चला रहा था। शेरा माखीजा जो दुकान का मालिक था, ने अपने किराएदार इलियास को 9,000 रुपए उधार दिए थे, जो वह वापस मांगने के लिए तकादा कर रहा था। लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद शेरा ने इलियास शेख पर नाइ की दुकान में बाल काटने की कैंची से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया।

# अनिकेत म्हात्रे और मुकेश सेंघानी भाजपा जिला सचिव पद पर नियुक्त



दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के साथ ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीजेपी के कल्याण जिलाध्यक्ष नरेंद्र उर्फ नाना सूर्यवंशी द्वारा अनिकेत म्हात्रे और मुकेश सेंघानी को भाजपा जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया। कल्याण लोकसभा चुनाव प्रमुख शशिकांत कांबले की उपस्थिति में मुकेश सेंघानी और अनिकेत म्हात्रे को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

# छात्रों की सुरक्षा को लेकर उल्हासनगर मनपा में बैठक

- पुलिस प्रशासन की अनुपस्थिति से शिक्षकों में नाराजगी

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग, मुंबई मंत्रालय के निर्देशानुसार उल्हासनगर मनपा के हद की सभी स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा के लिए सरकार के फैसले को सख्ती से लागू करने के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस संवेदनशील बैठक में पुलिस प्रशासन का एक भी अधिकारी मौजूद नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है।

### सरकारी फैसले के क्रियान्वयन पर गहन चर्चा



उल्हासनगर मनपा सभागृह में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में स्कूलों के प्राचार्य और निजी स्कूलों के संचालक शामिल हुए। इस बैठक में 21 अगस्त 2024 को जारी सरकारी फैसले के क्रियान्वयन पर गहन चर्चा की गई। इस निर्णय के अनुसार छात्रों की सुरक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय किये गये हैं। इसमें सभी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, शिकायत पेटी लगाने और शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया है। छात्रों की सुरक्षा के लिए हर स्कूल में विशाखा समिति और सखी सावित्री समिति के साथ-साथ सुरक्षा समिति का गठन करने का आदेश दिया गया है।

### छात्रों की सुरक्षा में लापरवाही न बरतें: मनपा उपायुक्त

बैठक में मुख्य मार्गदर्शक के रूप मे मनपा उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव ने सरकार के निर्णय के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया.उन्होंने स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों से अपील की कि वे छात्रों की सुरक्षा में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सुरक्षा उपाय छात्रों के लिए सुरक्षित सीखने का अनुभव सुनिश्चित करेंगे और माता-पिता की चिंताओं को कम करेंगे। बैठक के समापन पर प्रशासन अधिकारी दीपक धनगर ने उपस्थित सभी विद्यालय मुख्याध्यापको को धन्यवाद दिया तथा सरकार के निर्णय को सख्ती से लागू करने की अपील की। उन्होंने स्कूलों को छात्रों की सुरक्षा के लिए सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

# कल्याण में जल्द बनेगा 'सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल'

- विधायक विश्वनाथ भोईर की मांग को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया पूरा

दोपहर संवाददाता | कल्याण

पिछले कई वर्षों से कल्याण वासियों द्वारा की जा रही सर्वसुविधायुक्त अस्पताल की मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक विश्वनाथ भोईर के सहयोग से कल्याण डोंबिवली मनपा के माध्यम से कल्याण पश्चिम में 100 बेड वाला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया जाएगा। विधायक विश्वनाथ भोईर ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस अस्पताल की स्थापना के लिए आवश्यक कानूनी और तकनीकी प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नागरिकों के लिए उपलब्ध होगा।

### एक सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया था आश्वासन



कुछ ही महीने पहले हुई एक सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण कर्मियों को इस सर्वसुविधायुक्त अस्पताल का आश्वासन दिया था अब यह पूरा हो रहा है। बढ़ती आबादी के लिए कल्याण डोंबिवली मनपा के अपर्याप्त रुक्मिणीबाई अस्पताल को देखते हुए, शहर को एक अच्छी तरह से सुसज्जित और आधुनिक सरकारी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता को समझते हुए, विधायक विश्वनाथ भोईर निर्वाचित होने के बाद भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ संपर्क में रहे। तदनुसार, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने केडीएमसी प्रशासन को इस तरह का एक सुसज्जित अस्पताल स्थापित करने का निर्देश दिया और फिर केडीएमसी प्रशासन ने भी बिना समय गवाए उस संबंध में कार्यवाही शुरू कर दी। अस्पताल की दृष्टि से केडीएमसी को गौरीपाड़ा क्षेत्र में भूतल + 3 मंजिल का एक तैयार भवन प्राप्त हुआ है, यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल यहां पीपीपी आधार पर स्थापित किया जाएगा।

# घोडबंदर रोड पर यातायात की स्थिति में तुरंत सुधार होगा: टीएमसी आयुक्त



दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे शहर के सबसे व्यस्ततम घोडबंदर रोड पर यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए विभिन्न उपाय किये जा रहे हैं। नागरिकों को जल्द ही परिणाम दिखेगा। आज ठाणे नगर आयुक्त सौरभ राव ने कहा कि मौजूदा स्थिति में सुधार के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपाय किए जा रहे हैं। घोडबंदर रोड पर ट्रैफिक समस्या का समाधान ढूंढने के लिए आज शाम को मनपा मुख्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में विधायक प्रताप सरनाईक, घोडबंदर रोड में रहने वाले नागरिकों के प्रतिनिधि, पुलिस उपायुक्त (यातायात) दीपक शिरासाथ, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, शहर अभियंता प्रशांत सोनगरा के साथ यातायात पुलिस, नगर निगम, मेट्रो, एमएमआरडीए, जनता के प्रतिनिधि शामिल थे।

### बैठक में उठाई गई ये समस्याएं

इस बैठक में नागरिकों ने भारी वाहनों, सड़क की स्थिति, सर्विस रोड पर पार्किंग, ठेले, सिग्नल प्रणाली, लेन मार्किंग, फ्लाईओवर की स्थिति, नागरिकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने आदि की समस्याएं उठाईं। नागरिकों ने कहा कि इन समस्याओं से नागरिक खासकर स्कूली बच्चे प्रभावित हो रहे हैं.।विधायक प्रताप सरनाईक ने भी नागरिकों की समस्याओं की पुष्टि की है। इसके साथ ही घोडबंदर रोड पर भारी यातायात को रोकने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली परियोजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी दी गई। विधायक सरनाइक ने आगे कहा कि, इसके अलावा, पुलिस को भारी वाहनों के समय को सख्ती से लागू करना चाहिए और अवैध पार्किंग को रोकना चाहिए। इस मौके पर विधायक सरनाईक ने नागरिकों द्वारा की गई पहल के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

### ठाणे की समस्याओं को लेकर संवेदनशील हैं मुख्यमंत्री

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ठाणे की समस्याओं को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वह स्वयं भी घोडबंदर रोड की समस्याओं से अवगत हैं। तथा वे लगातार इसे लेकर निर्देश दे रहे हैं। टीएमसी कमिश्नर राव ने बताया कि अब भी उन्होंने गणपति वसर्जन से पहले सभी सड़कों और फ्लाईओवरों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में परिवहन विभाग की सहायता के लिए 50 वार्डन हैं। उन्हें तत्काल 100 वार्डन और उपलब्ध कराए जाएं। इनकी योजना कपुरबावड़ी से लेकर गायमुख तक की बेल्ट में की जानी चाहिए। सुबह 6 बजे से ही सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस और वार्डन तैनात हो जायेंगे। प्रात: 6 बजे से प्रात: 10 बजे तक और अपराह्न आयुक्त राव ने कहा कि सुबह 5 से 9 बजे तक उनकी विशेष ड्यूटी रहेगी.।ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कहा कि मनपा सड़क की हालत सुधारने के लिए तत्काल कदम उठा रही है और परिणाम 15 दिनों में दिखाई देंगे। आयुक्त राव ने यह भी कहा कि लेन मार्किंग, दिशा संकेतक, फ्लाईओवर प्रवेश द्वारों से डिवाइडर, ज़ेबरा क्रॉसिंग, जहां रात में अतिरिक्त रोशनी की आवश्यकता होती है, इसे प्रदान किया जाएगा।सर्विस रोड पर भी पार्किंग रोकने और ठेले हटाने का काम ठाणे महानगर पालिका तुरंत करेगी।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों के लिए विशेष शिविर

दोपहर संवाददाता | पनवेल




महानगरपालिका क्षेत्र के 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का लाभ देने के लिए आयुक्त मंगेश चितले के निर्देशानुसार सोमवार 09 सितंबर को सुबह 10 बजे से आद्य क्रांतिवीर वासुदेव बलवंत फड़के रंगमंच पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। यहां लाभार्थियों के पंजीकरण के साथ-साथ चिकित्सा प्रमाण पत्र के लिए स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। महानगरपालिका की ओर से आयुक्त ने अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक इस अवसर का लाभ उठाएं।

वरिष्ठ नागरिकों को देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' की घोषणा की है। इस योजना के तहत यात्रा व्यय की अधिकतम सीमा प्रति व्यक्ति 30 हजार होगी। पनवेल महानगरपालिका क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए सोमवार 09 सितंबर को आद्य क्रांतिवीर वासुदेव बलवंत फड़के रंगमंच पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह सरकारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा पूर्ण स्वास्थ्य जांच के बाद प्रस्तावित यात्रा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ और तंदुरुस्त है। इस प्रमाण पत्र के लिए महानगरपालिका की ओर से रंगमंच में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी व्यवस्थित की गई है। आयुक्त मंगेश चितले ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाएं।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' शुरू करने के लिए आवश्यक पात्रता

- लाभार्थी महाराष्ट्र राज्य का निवासी होना चाहिए।
- 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक।
- लाभार्थी परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का लाभ उठाने के लिए आपको आवश्यक दस्तावेजों के साथ योजना के लाभ के लिए ऑफ़लाइन आवेदन करना होगा।
- लाभार्थी का आधार कार्ड या राशन कार्ड।
- महाराष्ट्र राज्य का निवास प्रमाण पत्र।
- महाराष्ट्र राज्य का जन्म प्रमाण पत्र। (यदि लाभार्थी का निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, तो चार पहचान दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों में से कोई भी, अर्थात राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, लाभार्थी का 15 वर्ष से पहले का जन्म प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा।) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी परिवार के मुखिया का आय प्रमाण पत्र (वार्षिक आय 2.50 लाख तक होनी चाहिए) या पीला/नारंगी राशन कार्ड

### दस्तावेज विवरण

- आवेदन की मूल प्रति
- आवेदक का आधार कार्ड/राशन कार्ड (स्व-सत्यापित प्रति)
- आवेदक का निवास प्रमाण पत्र या महाराष्ट्र राज्य का जन्म प्रमाण पत्र या राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र या आवेदक का 15 वर्ष की आयु से पहले का स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (इनमें से कोई एक) यदि वह महाराष्ट्र राज्य का निवासी है।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी परिवार के मुखिया का आय प्रमाण पत्र (वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये तक होनी चाहिए) या अंत्योदय खाद्य योजना (एएवाई) या प्राथमिकता परिवार योजना (पीएचएच) या प्राथमिकता परिवार जिसकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से कम हो गैर (एनपीएच) राशन धारक (इनमें से कोई एक)
- सरकारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी आवेदक का मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र जिसमें यह बताया गया हो कि वह प्रस्तावित यात्रा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ और तंदुरुस्त है
- लाभार्थी के साथ आने वाले पति या पत्नी या सहायक का सरकारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र जो प्रस्तावित यात्रा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ और तंदुरुस्त है
- आवेदक द्वारा उक्त योजना की शर्तों और नियमों के अनुपालन और अयोग्यता न होने के बारे में वचनबद्धता
- निकटतम संबंधी का प्रमाण पत्र
- आवेदक के सहायक (पति/पत्नी/सहायक) का 75 वर्ष की आयु का मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र
- बाहर जाने वाले पति/पत्नी/सहायक का आधार कार्ड
- आवेदक के साथ आने वाले पति/पत्नी/सहायक का शपथ पत्र

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** गरीबी और शांति एक साथ नहीं रह सकते : इला रमेश भट्ट

## महाराष्ट्र में अराजकता फैलाने की 'मविआ' की साजिश : चंद्रशेखर बावनकुले



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को महाविकास आघाड़ी पर महाराष्ट्र में अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। बावनकुले ने यह भी कहा कि मराठी आदमी के स्वाभिमान से महाविकास आघाडी को कुछ भी लेना-देना नहीं है। चंद्रशेखर बावनकुले ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराष्ट्र का बारबार अपमान किया है, इसलिए उन्हें और कांग्रेस नेतृत्व को छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम लेने का कोई भी नैतिक अधिकार नहीं है। बावनकुले ने हालही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांगली जिले के कार्यक्रम में किए गए व्यक्तव्य की आलोचना की और कहा कि राहुल गांधी का शिवाजी महाराज के प्रति प्रेम छलावा मात्र है। बावनकुले ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के मुद्दे पर मविआ और कांग्रेस ने हमेशा हीन दर्जे की राजनीति की है। इसी कांग्रेस ने कई बार शिवाजी का अपमान किया है। इन घटनाओं

## पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच अभियान में 62 करोड़ जुर्माना वसूला



मुंबई। पश्चिम रेलवे के मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट व अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की देखरेख में टिकट जांच टीम द्वारा अप्रैल से अगस्त, 2024 के दौरान कई टिकट जांच अभियान चलाए गए, जिससे 62.31 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गई, जिसमें मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 20 करोड़ रुपये की राशि भी शामिल है।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अगस्त, 2024 के दौरान बिना बुक किए सामान के मामलों सहित 1.19 लाख बिना टिकट व अनियमित यात्रियों का पता लगाकर 4.96 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गई। इसके अलावा अगस्त में पश्चिम रेलवे ने मुंबई उपनगरीय खंड पर 82 हजार मामलों का पता लगाकर 2.62 करोड़ रुपये का जुर्माना प्राप्त किया गया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों के परिणामस्वरूप अप्रैल से अगस्त, 2024 में लगभग 23800 अनधिकृत यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया है और जुर्माने के रूप में लगभग 78 लाख रुपये प्राप्त किए गए हैं।

## गडकरी और फडणवीस संभालेंगे भाजपा के प्रचार अभियान की कमान



मुंबई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित महाराष्ट्र के सभी भाजपा नेता आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में हिस्सा लेंगे। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधानसभा चुनाव योजना के बारे में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र भर में 21 नेता विभिन्न समितियों का हिस्सा होंगे और सभी को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ तीनों दल मिलकर महायुति के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करेंगे और इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन में कोई संशय नहीं है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। फडणवीस ने कहा कि महायुति मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगा।

# महाराष्ट्र में आया देश का आधे से ज्यादा विदेशी निवेश

### Q1FY25 में FDI आकर्षित करने वाला बना टॉप राज्य

दीपक पवार | मुंबई

चालू वित्त वर्ष 2024-2025 की पहली तिमाही के दौरान सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आकर्षित करने में महाराष्ट्र टॉप पर रहा है। इस तिमाही के दौरान देश में कुल निवेश 1,34,959 करोड़ रुपये है, जिसमें से 70,795 करोड़ रुपये या 52.46 फीसदी निवेश अकेले महाराष्ट्र में आया है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के मुताबिक, महाराष्ट्र दूसरे राज्यों के बीच नंबर एक स्थान पर बना हुआ है। आंकड़ों से पता पड़ता है की इस वित्त वर्ष 2024-2025 में देश में आने वाले विदेशी निवेश का 52.46 प्रतिशत महाराष्ट्र में निवेश हुआ है। पिछले दो साल से विदेशी निवेश आकर्षित करने में नंबर वन रहने वाले महाराष्ट्र को वित्त वर्ष 2024-2025 की पहली तिमाही में सबसे ज्यादा निवेश भी मिला है। विदेशी निवेश के मामले में महाराष्ट्र को दूसरे और तीसरे नंबर के राज्यों से कई गुना ज्यादा निवेश मिला है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक 19,059 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करके दूसरे स्थान पर रहा। दिल्ली 10,788 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, तेलंगाना 9,023 करोड़ रुपये के साथ चौथे, गुजरात 8,508 करोड़ रुपये के साथ पांचवें, तमिलनाडु 5,818 करोड़ रुपये के साथ छठे, उत्तर प्रदेश 370 करोड़ रुपये के साथ आठवें और राजस्थान 311 करोड़ रुपये के साथ नौवें स्थान पर रहा।

### 52.46 फीसदी निवेश अकेले महाराष्ट्र में आया




अकेले महाराष्ट्र को इन सभी राज्यों की तुलना में अधिक विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है। इस तिमाही के दौरान देश में कुल निवेश 1,34,959 करोड़ रुपये है, जिसमें से 70,795 करोड़ रुपये या 52.46 फीसदी निवेश अकेले महाराष्ट्र में आया है। वित्त वर्ष 2022-23 में 1,18,422 करोड़ रुपये (कर्नाटक, दिल्ली, गुजरात की संयुक्त राशि से अधिक) से 2023-24 में 1,25,101 करोड़ रुपये (गुजरात के दोगुने से अधिक और गुजरात-कर्नाटक के योग से अधिक) निवेश था।

### उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने दी जानकारी


उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, महाराष्ट्र को बधाई, खुशखबरी!! देश में कुल निवेश का 52.46 प्रतिशत सिर्फ महाराष्ट्र में विदेशी निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र द्वारा आकर्षित किया गया निवेश सबसे अधिक है और अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अधिक है। हमने पहले ही दिन साहसपूर्वक कहा था कि हम पांच साल का काम ढाई साल में पूरा करेंगे। अब हम ढाई साल में 3,14,318 करोड़ रुपये का निवेश लाये हैं। फड़नवीस ने भरोसे के साथ कहा कि कि दूसरी तिमाही के आंकड़े अभी लंबित हैं दूसरी तिमाही में भी महाराष्ट्र नंबर वन होगा।

## देवनार में लेदर पार्क बनाने के लिए सिकॉम करेगा मूल्यांकन

### चमड़ा कारखानों को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव

**मुंबई।** मुंबई के देवनार में लेदर पार्क बनाने के लिए लिडकॉम की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का अब राज्य औद्योगिक एवं निवेश महामंडल (सिकॉम) मूल्यांकन करेगा। प्रदेश के संत रोहिदास चर्मोद्योग व चर्मकार विकास महामंडल (लिडकॉम) ने परियोजना का डीपीआर बनाया है। सिकॉम की रिपोर्ट मिलने के बाद राज्य का सामाजिक व न्याय विभाग परियोजना की अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने प्रस्ताव रखेगा। प्रस्तावित 17 मंजिला पार्क की एक मंजिल में लेदर मॉल भी खुलेगा, जिसमें चमड़े के बेल्ट, बैग, जूता-चप्पल आदि उत्पाद मिलेंगे।

### 182 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च का अनुमान



लिडकॉम के प्रबंध निदेशक धम्मज्योति गजभिये ने बताया कि सरकार ने परियोजना के तकनीकी आकलन के लिए सिकॉम को नियुक्त कर दिया है। इस परियोजना पर 182 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च का अनुमान है। 2 एकड़ क्षेत्र में लेदर पार्क बनाया जाएगा। सरकार की मंजूरी के बाद दो साल में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गजभिये ने कहा कि प्रदेश के उद्योग विभाग की 'एक जिला, एक उत्पाद' परिकल्पना के आधार पर प्रत्येक जिले में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी के तहत मुंबई को लेदर उत्पाद के लिए चिन्हित किया गया है। देवनार में प्रस्तावित लेदर पार्क सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। गजभिये ने कहा कि धारावी में पुनर्वसन परियोजना शुरू होने वाली है।

## महाराष्ट्र सरकार ने दी अडानी टावर चिप के प्लांट को मंजूरी, केंद की हरी झंडी का इंतजार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में उद्योग संबंधी उप-समिति ने इजरायल की टावर सेमीकंडक्टर और अडानी समूह द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किए जाने वाले 10 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर प्लांट के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है लेकिन केंद्र सरकार की 76,000 करोड़ रुपये की चिप प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी के लिए टावर और अडानी ग्रुप द्वारा केंद्र को आवेदन किया है और इस आवेदन को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।

## कांग्रेसी विजय वडेट्टीवार ने शिंदे सरकार को घेरा

### शिंदे सरकार पर लगाया कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप

दोपहर संवाददाता | मुंबई



कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर कानून-व्यवस्था के एकदम से ध्वस्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि प्रदेश में हाल ही में हिंसा की 200 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं। विजय वडेट्टीवार का आरोप है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सिर्फ नाम के लिए है। गृह विभाग पूरी तरह विफल है। इसके प्रभारी लोग पूरी तरह राजनीति में डूबे हुए हैं और उन्होंने लोगों को मझधार में छोड़ दिया है।


### गढ़चिरौली की घटना राज्य पर धब्बा

उन्होंने कहा कि इस सरकार को बर्खास्त करके राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। विजय ने पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की घटना को चौंकाने वाला बताया, जहां चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण दो बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा, श्यह राज्य पर एक धब्बा है। बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा इलाज के लिए 15 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा, क्योंकि उनके गांव में कोई डॉक्टर नहीं था। स्वास्थ्य मंत्री और संरक्षक मंत्री क्या कर रहे हैं?

## अंधेरी के राजा के लिए सजा पंडाल

### राजस्थान की शाही विरासत थीम पर बनाया मंडप

**मुंबई।** मुंबई में कल शनिवार से गणेशोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। इस उत्सव को लेकर मुंबई और पश्चिम उपनगर के कई गणेशोत्सव मंडलों ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। अंधेरी पश्चिम में आजाद नगर मेट्रो स्टेशन के पास आजाद नगर सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव मनाया जाएगा। 'अंधेरी के राजा' को पश्चिमी उपनगरों के पूजनीय गणपति और विशेष रूप से कष्ट निवारण गणपति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। इस साल अंधेरी के राजा राजस्थान के जैसलमेर स्थित पटवा हवेली में विराजमान होंगे। यह साल इस मंडल का 59वां साल है। हर साल लाखों गणेश भक्त और कई मशहूर हस्तियां अंधेरी के राजा के दर्शन करते हैं। इस दौरान भक्तों की सुरक्षा के लिए 500 से ज्यादा गणसेवकों को तैनात किया जाएगा, जिसमें महिला और पुरुष शामिल हैं। इस वर्ष इस पंडाल का 12 करोड़ रुपए का बीमा कराया गया है।



### दिखाया गया अंधेरी के राजा का फर्स्ट लुक

आजाद नगर सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा शुक्रवार को अंधेरी के राजा का फर्स्ट लुक और पटवा हवेली का हूबहू थीम दिखाया गया। इस दौरान समिति के मुख्य मार्गदर्शक एवं पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष यशोधर (शैलेश) फणसे, अध्यक्ष अशोक राणे, कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र धाडिया, सचिव विजय सावंत, कोषाध्यक्ष-सुबोध चिटनीस व प्रचार प्रमुख उदय सालियान उपस्थित थे।

### पंडाल में राजस्थान की शाही विरासत की थीम

इस साल की थीम राजस्थान की शाही विरासत को दर्शाती है। मंडप में सजावट और प्रतिकृतियां हवेली के झरोखों, नक्काशी और पारंपरिक तत्वों को पूरी तरह से दर्शाती हैं। मंडप के आंतरिक भाग में 40 गुना 110 फीट के क्षेत्र में मुख्य गभारा बनाया गया है, जहां पर श्री अंधेरी के राजा की 9 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह पूरी सजावट 70 से अधिक कुशल कारीगरों द्वारा 45 दिनों में बनाई गई है। इसका नेतृत्व धर्मेश शाह और उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसमें बढ़ई, रंगरेज, फैब्रिकेटर और श्रमिक शामिल हैं। गाभारा पटवा की हवेली के मुख्य बैठक कक्ष की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसमें एक शानदार झूमर भी शामिल है। भक्तों की सुविधा के लिए पंडाल में स्टैंडिंग एसी भी लगाए जाएंगे। पंडाल का सजावट पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया है। इस साल यहां भक्त भारत के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास का जीवंत अनुभव कर पाएंगे। बता दें कि पिछले साल छत्रपति शिवाजी महाराज के रायगढ़ किले की थीम पर यहां की सजावट की गई थी।

## अब केवल आंगनवाड़ी सेविकाएं स्वीकार सकेंगी लाड़ली बहन योजना का फार्म



### सरकार ने आशा सेविकाओं समेत 11 प्राधिकृत व्यक्तियों के अधिकार किए रद्द

**मुंबई।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मेरी लाड़ली बहन योजना के फार्म को केवल आंगनवाड़ी सेविकाएं स्वीकार कर सकेंगी। राज्य सरकार ने आशा सेविका, सेतु सुविधा केंद्र, ग्राम सेवक, आपले सरकार केंद्र, मदद कक्ष प्रमुख समेत अन्य 11 प्राधिकृत व्यक्तियों को फार्म स्वीकार करने के अधिकार को रद्द कर दिया है। इससे केवल आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी सेविकाएं ही महिलाओं से फार्म भर कर ले सकेंगी।

### महिला व बाल विकास विभाग ने जारी किया शासनादेश

शुक्रवार को राज्य के महिला व बाल विकास विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी किया है। इससे पहले जुलाई और अगस्त में अलग-अलग शासनादेश के जरिए सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान (उमेद), महाराष्ट्र राज्य आर्थिक विकास महामंडल के समूह संगठक, मदद कक्ष प्रमुख, सिटी मिशन मैनेजर, आशा सेविका, सेतु सुविधा केंद्र, ग्राम सेवक और आपले सरकार सेवा केंद्र के प्रनिधियों समेत 11 प्राधिकृत व्यक्तियों को आवेदन फार्म स्वीकारने के लिए प्राधिकृत किया था। लेकिन अब सरकार ने इन 11 प्राधिकृत व्यक्तियों के फार्म स्वीकार करने के अधिकार को ही रद्द कर दिया है। इससे अब सिर्फ आंगनवाड़ी सेविकाओं को भी फार्म लेने का अधिकार होगा। राज्य में लाड़ली बहन योजना के लिए महिलाएं 30 सितंबर तक आवेदन फार्म भर सकेंगी। यह भी पढ़े -36 हजार आंगनवाड़ियों को मिलेगा सोलर सिस्टिम, पुणे-छत्रपति संभाजीनगर महामार्ग का होगा सुधार।

## अजित पवार पर भड़के शंभुराज देसाई

### लाडली बहन योजना को हाईजैक करने का लगाया आरोप

**मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने इस साल बजट में** मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना(लाडली बहन योजना) की घोषणा की। इस योजना के पहले दो माह की किश्तें महिलाओं के बैंक खाते में आने शुरू हो गए हैं। महाराष्ट्र सरकार में शामिल तीनों दल बीजेपी, शिवसेना व अजित पवार की एनसीपी इन दिनों इस योजना का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के देखते हुए इस योजना के प्रचार के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पूरे राज्य का दौरा कर रहे हैं, और लोगों से बीच जाकर जनसम्मान यात्रा कर रहे हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति के बीच मतभेद उभरते दिख रहे हैं। शिवसेना ने लाडली बहन योजना के विज्ञापनों से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम हटा देने के मुद्दे पर सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और इसके अध्यक्ष अजित पवार की आलोचना की है। राज्य के आबकारी मंत्री और शिवसेना के नेता शंभुराज देसाई ने शुक्रवार को इस संबंध में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए अजित पवार पर मुख्यमंत्री शिंदे की योजनाओं को "हाईजैक" करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की।

इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। देसाई का कहना था कि अजित पवार के जनसंपर्क कार्यक्रमों में योजना के पूरे नाम का इस्तेमाल न करना प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि योजना के नाम में 'मुख्यमंत्री' शब्द शामिल है और इसे हटाना अनुचित है।



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

सहायक आयुक्त एच/डब्लू विभाग का कार्यालय, दूसरा हसनाबाद लेन,खार (प.),मुंबई-400052

**एसीएचडब्लू/337/जीईएन/एईएम दि. 06/09/2024**

**रुचि की अभिव्यक्ति विज्ञापन**

सहायक आयुक्त एच/पश्चिम वार्ड लॉटरी प्रणाली के तहत चयन के लिए सभी इच्छुक स्थानीय से लोगों से आवेदन आमंत्रित करता है जो श्रम सहकारी समितियों, सेवा सहकारी समितियां, बेरोजगार सेवा सहकारी समितियों से पंजीकृत है बीट क्रमांक 97, 98 और 99 के लिए एच/पश्चिम वार्ड में।

आवेदन पत्र एच/पश्चिम वार्ड में सहायक अभियंता (रखरखाव) के कार्यालय से खरीदा जा सकता है 1000 रुपये + 18% जीएसटी का भुगतान करने पर और 12.09.2024 तक 10,000.00 रुपये की ईएमडी। (कार्यालय समय में)

इच्छुक संगठनों को अधिक जानकारी, आवेदन पत्र और हलफनामे के नमूने के लिए एच/पश्चिम वार्ड में सहायक अभियंता (रखरखाव) से संपर्क करना चाहिए। अंतिम तिथि अर्थात 13.09.2024 (अपराह्न 1.00 बजे तक) के बाद प्रस्तुत किए गए किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/
पीआरओ/1205/विज्ञा./2024-25 सहा. अभियंता (मेंटे.) एच/डब्लू विभाग

समय पर निदान, बचाएं प्राण

संपादकीय

# मुफ्त की राजनीति का हश्र

धीरे-धीरे पंजाब व हिमाचल सरकारों के मुखियाओं को अहसास होने लगा है कि वित्तीय संकट दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। लगातार बढ़ते राजस्व घाटे व बड़ी होती देनदारियों से सत्ता में बैठे राजनेताओं को बखूबी पता चल रहा है कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये मुफ्त का जो चंदन घिसा जा रहा था, वह राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। यहां तक कि कर्मचारियों को वेतन व रिटायर कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किल आ रही है। गाल बजाकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने वाले राजनेता तनख्वाह व पेंशन की तारीख आगे बढ़ाकर दावा कर रहे हैं कि इससे राज्य को आर्थिक बचत होने वाली है। संवेदनहीन राजनेताओं को इस बात का अहसास नहीं है कि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई समय पर चुकानी होती है। जिसको लेकर बैंक कोई रहम नहीं दिखाते हैं। राजनेताओं के आय के तमाम वैध-अवैध स्रोत होते हैं, कर्मचारी तो इकलौती तनख्वाह के भरोसे जीवन-यापन करता है। बहरहाल, चुनाव से पूर्व मुफ्त प्रलोभनों की तमाम घोषणाएं करने वाले राजनेताओं को अहसास हो चला है कि राज्य के खजाने में उनकी राजनीतिक विलासिता का बोझ ढोने का दमखम नहीं बचा है। विभिन्न दलों की शाहखर्ची ने राज्यों की आर्थिकी की हालत पहले ही पस्त कर रखी है। राजनेताओं ने कभी वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया। दिल्ली से लेकर पंजाब तक आप सरकारों ने तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांटी हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसकी आर्थिकी कभी नहीं संभल पाती। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। जाहिरा बात है कि मुफ्त में कुछ नहीं मिलता। मुफ्त की राजनीति के चलते इन महकमों के विस्तार व विकास पर ब्रेक लग जाता है। बहरहाल, पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर की ओर इशारा करती है। बीते वित्तीय वर्ष की आर्थिक बदहाली को दर्शाती कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे राज्य सरकार की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज चुकाने में चला जा रहा है। यह भी चिंताजनक है कि राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद यदि राजनेता शाहखर्ची से बाज नहीं आते और मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखते हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ेगी बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली की तस्वीर ही उकेरता है। अभी भी वक्त है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। उन्हें अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। उन्हें सोचना होगा कि कभी-कभी मुफ्त बहुत महंगा पड़ता है। हमें अपने छोटे स्वार्थों के लिये राज्य के बड़े हितों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

# मानसिक सेहत के प्रति सजगता रोकेगी आत्महत्याएं

दुनिया में कहीं और की अपेक्षा भारत में लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16.5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10.5 थी। यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज़ धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोज़गारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं। इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है : समाज में इज्जत को ठेस। भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए। विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 143 देशों में 126वां स्थान मिला है, यह पड़ोस के पाकिस्तान और नेपाल से भी नीचे है। तो भारत में इतने सारे लोग दुखी क्यों हैं? सामान्य कारकों के अलावा, भारत में आत्महत्या के ग्राफ में एक अजीब सी समानता भी है- युवा, निम्न आय वर्ग, किसान और महिलाओं में आत्महत्या की दर ज्यादा है। 15 से 29 आयु वर्ग, जो भारत की जनसंख्या का 53.7 प्रतिशत है, उसमें मौत के कारणों में आत्महत्याओं का हिस्सा काफी अधिक है।



राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 रिपोर्ट बताती है, उस साल हर दिन 35 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की। इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी। गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है। नौकरी के चाहवान बहुत हैं और नौकरियां अत्यंत कम। लगभग 10 प्रतिशत भारतीय युवा बेरोजगार, नाखुश, चिंतित हैं और उनके पास अपनी रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं। रोजगार के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं। बहुत बड़ी संख्या में नौकरी के चाहवानों के लिए न सिर्फ नौकरियां

**रंजीत पवार**

बहुत कम हैं, बल्कि निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्तियों की भी कमी है, जिससे आक्रोश और अरुचि उत्पन्न होती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक और परिणामों में हेराफेरी को लेकर चल रही कानूनी कार्रवाई के कारण पिछले चार वर्षों में कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं। अन्य राज्य भी इसी किस्म की स्थिति से त्रस्त हैं। आत्महत्या से होने वाली मौतों में दो तिहाई हिस्सा न्यूनतम आय वर्ग के लोगों का है। इसके अलावा, वर्ष 2022 में किसानों और खेतीहर मजदूरों ने 11,290 खुदकुशी की। अपने वजूद और सुख के लिए आधारभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान हैं। नीति आयोग के अनुसार, 50 प्रतिशत भारतीयों की औसत मासिक क्रय शक्ति, क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, 3,094 रुपये और 4,963 रुपये है। ग्रामीण और शहरी आबादी के निचले 20 प्रतिशत में आने वाले लोगों के पास खुद के वास्ते और परिवार को जिंदा रखने के लिए दैनिक खर्च क्षमता महज 70-100 रुपये है। इतने कम पैसे में भोजन, कपड़ा और मकान का इंतजाम कर लेना बेहद मुश्किल है।

आत्महत्या से होने वाली प्रत्येक मौत के बरक्स 200 से ज़्यादा लोग आत्महत्या करने की प्रवृत्ति और विचार पाले हुए हैं। चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक औसत की तुलना में भारतीय महिलाओं की खुदकुशी दर दोगुनी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में हर दिन औसतन 86 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। यह संख्या असल से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि अधिकांश पीड़ित महिलाएं लोकलाज आदि के डर से मामला दर्ज करवाने नहीं जातीं। महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक-मानसिक शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता है, तिस पर व्यवस्था से सुनवाई की उम्मीद बहुत कम है। खेती से मोहभंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से ग्रस्त होकर, ग्रामीण युवा पलायन के मौके की तलाश में रहते हैं, जिससे वे भारी संख्या में बड़े शहरों का रुख करते हैं। शहरीकरण तनावों को बढ़ाता है- जीवनयापन की उच्च लागत, जिंदगी की तेज़ रफ्तार, सफलता प्राप्ति का दबाव और दुनिया में पैर जमाने का संघर्ष। परिवार और समुदाय की सुरक्षा छतरी सिर पर नहीं रहने से व्यक्ति में असुरक्षा बोध पैदा होता है। असफल होने वाले बहुत से लोग वहीं फंसकर रह जाते हैं– गांव वे लौटना नहीं चाहते, और शहर में कुछ पल्ले नहीं पड़ता। दरअसल, हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गंभीर गड़बड़ी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, केवल 51.25 प्रतिशत युवा ही रोजगार के लायक माने जाते हैं। यानी दो में से एक युवा अभी भी कॉलेज से सीधे कार्यबल की योग्यता लायक तैयार नहीं है। रोजाना 100 रुपये से कम पर गुजारा करने वाले संघर्षशील युवा के लिए सोशल मीडिया अमीरों की दुनिया में झांकने का मौका देता है, जिससे उनके अंदर भी शानदार कारें और महंगे फोन की ख्वाहिशें जगती हैं। आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, लेकिन नौकरियां और अवसर कम हैं। हसरतों और हकीकत के बीच का अंतर संभालना मानव मस्तिष्क के लिए बहुत मुश्किल बन जाता है। ऐसे देश में जहां चोटी के एक प्रतिशत अमीरों के पास कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हो और निचले तबके के आधों के पास कुल संपत्ति का महज 3 फीसदी हिस्सा, वहां संसाधनों तक पहुंच में चौंका देने वाला अंतर स्पष्ट है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता का अभाव, अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं और ऐसी समस्याओं से जुड़ी सामाजिक कलंक की सोच एक भंवर बना देते हैं। इन मुद्दों का हल निकालना आत्महत्याएं रोकने में पहला कदम हो सकता है, इसके बाद आता है सबसे अधिक जोखिम वाले वर्ग की ओर ध्यान केंद्रित करना।

## सहज योग

# विशुद्धि चक्र की पहचान



मनुष्य की शुरुआत ही इस चक्र से हुई है समझ लीजिए। पूरी तरह से। इस चक्र में श्रीकृष्ण बिराजते हैं और राधा जी उनकी शक्ति है। रा धा, रा माने शक्ति, धा माने जिसने धारणा की। कृष्ण का मतलब होता है कृषि करने वाला। इन्होंने कृषि की है।

जहां पर हमारा कंठ होता है, इसके बराबर पीछे में ये चक्र होता है। अब इसके लिए आप वास्तव में नहीं कह सकते हैं कि ये यहीं होता है। क्योंकि ये बड़ी ही सूक्ष्म चीज़ है। थोड़ा ऊंचे, नीचे होता ही है। जैसे जैसे जैसे मनुष्य की प्रकृती होती है और जैसे जैसे उसका फॉर्म होता है, वैसे ही उसकी चक्र की भी स्थितियां उस तरह से थोड़ी बहुत आगे-पीछे होती हैं। कभी कभी एक इंच का भी फर्क होता है। इसलिए आप ये नहीं कह सकते कि ये बराबर उस जगह ही होगा। थोड़ा सा मैंने देखा है, किसी का ऊपर होता है, किसी का नीचे होता है। किसी का और भी नीचे होता है। बहरहाल ये कंठ जहां पर है, इस कंठ के पीछे में यहां पर, यहां हमारा विशुद्धि चक्र है। ये चक्र बहुत ही महत्त्वपूर्ण है मानव के लिए। जानवरों में ये चक्र इतना बढ़ा हुआ नहीं है। ना ही इतना वो प्रगल्भ है। मनुष्य की शुरुआत ही इस चक्र से हुई है समझ लीजिए। पूरी तरह से। इस चक्र में श्रीकृष्ण बिराजते हैं और राधा जी उनकी शक्ति है। रा धा, रा माने शक्ति, धा माने जिसने धारणा की। कृष्ण का मतलब होता है कृषि करने वाला। इन्होंने कृषि की है। आप सब की कृषि इन्होंने की है। आप के अन्दर इन्होंने बीज भरे। उन्होंने पहले आपके अन्दर बीज भरा, कि उस आनन्द को जानिए। परमात्मा को जानिए, परम तत्त्व को जानिए। इसका बीज उन्होंने भरा है, इसलिए उनको कृष्ण कहते हैं। ये चक्र मनुष्य में तब घटित हुआ, जब उन्होंने अपनी गर्दन पूरी तरह से उठा ली। आप जानते हैं कि जानवर की गर्दन नीचे होती है। उसके बाद कुछ ऐसे जानवर हैं, जिनको की हम कह सकते हैं, चिंपाझी, बंदर की लंगूर वगैरा जो जाति है, उस में भी थोड़ी बहुत गर्दन ऊपर आ जाती है। लेकिन मनुष्य की गर्दन जो बिल्कुल सीधी हो गई है, ऐसे किसी भी प्राणिमात्र की नहीं। ये गर्दन सीधी होने के वजह से ही मनुष्य की स्वतंत्रता स्थापित हो गई।वो किस प्रकार में आप से बताती हूं। ये विशुद्धि चक्र से ही हमारे दो इगो और सुपर इगो नाम के बलून तैयार हो जाते हैं। आप जानते हैं कि जानवर की आकृति ऐसे आती है, ऐसी जाती है, फिर नीचे चली जाती है। जो भी चेतना उनके अन्दर आती है, वो फिर से पृथ्वी की ओर झुक जाती है। लेकिन मनुष्य ने ये जो ऐसी गर्दन ऊपर उठा ली, और उसने अपने अंदर जिम्मेदारियां महसूस करनी शुरू दी, तब वो जब कोई भी कार्य करता है, तो उसमें उसका इगो बढ़ता है। अब इगो शब्द, अहंकार से लोग बहत घबराते हैं। अहंकार मेरा मतलब नहीं है, अहं भाव। इसमें दोनों में बड़ा अंतर है। अहं भाव सब में होता ही है। होना आवश्यक है। हर इंसान में अहंभाव न हो, तो वो जानवर हो जाए। प्रति अहं भाव भी हमारे अन्दर उठता है और लेफ्ट साइड से आ के यहां पर, फॉन्टनेल बोन होता है, वहां तक आ जाता है और अहंकार का भाव भी लेफ्ट साइड से उठ के इधर आता है। आप देखिए, चढ़ते वक्त तो राइट का लेफ्ट जाता है और लेफ्ट का राइट जाता है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

इला रमेश भट्ट : जन्म 7 सितंबर 1933 — जन्म

इला रमेश भट्ट एक भारतीय सहकारी संगठनकर्ता कार्यकर्ता और गांधीवादी हैं। उनका जन्म 7 सितंबर 1933 में हुआ था। उन्होंने 1972 में 'सेल्फ-एम्प्लॉयड वुमन एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (SEWA) की स्थापना की और 1972 से 1996 तक इसके महासचिव के रूप में कार्य किया है। वे गुजरात विद्यापीठ की वर्तमान चांसलर हैं। उन्हें वर्ष 1986 में पद्म भूषण से सम्मानित भी किया गया है।

# गरीबी और शांति एक साथ नहीं रह सकते

हर इंसान के पास कुछ न कुछ है। एक आध्यात्मिक तत्व है, जो उन्हें बेहतर करने के लिए उच्च तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है।

देश एक अलग दिशा में आगे बढ़ रहा है, समय बदल गया है। लेकिन मेरे लिए गांधीजी के मूल्य अभी भी फ्रेम में हैं, अभी भी जीवित और मान्य हैं। रोजगार के निचले तबके में महिलाओं का दबदबा है। आंतरिक शांति महत्वपूर्ण है, लेकिन मैंने हमेशा महसूस किया है कि शांति के साथ दैनिक जीवन जीना ही अंत है, तो वास्तव में व्यक्तिगत शांति और वैश्विक शांति अलग नहीं हैं। वे एक ही हैं।




शिक्षक परवाह नहीं करते, ऐसा इसलिए नहीं है, क्योंकि शिक्षकों को खराब वेतन दिया जाता है और शिक्षकों को संगठित किया जाता है, लेकिन वे पढ़ाते नहीं हैं। यदि हम उनका सम्मान नहीं करते हैं, तो इसका कारण यह है कि हम उन्हें पढ़ाने के अलावा अन्य व्यवसाय करते देखते हैं। गरीबी और हिंसा ईश्वर द्वारा नहीं बनाई गई है, वे मानव निर्मित हैं।

गरीबी और शांति एक साथ नहीं रह सकते। मैंने अपना सारा जीवन अवधारणाओं को बदलने के लिए काम किया है और इसकी शुरुआत इस बात से होती है कि लोग समस्याओं को कैसे देखते और समझते हैं।

माइक्रो फाइनेंस प्रणालीगत संस्थागत क्षेत्रों के प्रकार में सफलता का सबसे अच्छा उदाहरण है। मैं हिंदू हूं और मेरी सक्रियता बहुत हद तक उस संदर्भ में, कर्म के अर्थ क्रिया के रूप में तैयार की गई है।

## शख्सियत — नीरजा भनोट

# अशोक चक्र से सम्मानित विमान परिचारिका



नीरजा भनोट मुंबई के पैन ऍम एयरलाइन्स की सीनियर विमान परिचारिका थी। 5 सितम्बर 1986 को हाईजैक हुए पैन ऍम फ्लाइट 73 में यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा करते हुए वह आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गईं थी। उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें भारत सरकार ने शांति काल के अपने सर्वोच्च वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया।

नीरजा भनोट का जन्म 7 सितंबर 1963 भारत के चंडीगढ़ में हुआ। वह रमा भनोट और हरीश भनोट की बेटी थी। नीरजा की शुरूआत शिक्षा अपने गृहनगर चंडीगढ़ के सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए रवाना पैन ऍम-73 को कराची में चार आतंकवादियों ने अपहृत कर लिया और सारे यात्रियों को बंधक बना लिया। नीरजा उस विमान में सीनियर पर्सर के रूप में नियुक्त थीं और उन्हीं की तत्काल सूचना पर चालक दल के तीन सदस्य विमान के कॉकपिट से तुरंत सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गए। यात्रियों को बचाने के दौरान एक आतंकवादी की गोलियों की बौछार से नीरजा की मृत्यु हुई। नीरजा के इस वीरतापूर्ण आत्मोत्सर्ग ने उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हीरोइन ऑफ हाईजैक के रूप में मशहूरियत दिलाई। अगर निरजा चाहती तो सब से आगे निकलकर अपनी जान बचा सकती थी, लेकिन निरजा ने ऐसा कुछ भी नहीं किया, क्योंकि वह अपने सभी यात्रियों की जान बचाना चाहती थी। नीरजा भनोट के बलिदान के बाद भारत सरकार ने उनको सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'अशोक चक्र' प्रदान किया तो वहीं पाकिस्तान की सरकार ने भी नीरजा को 'तमगा-ए-इन्सानियत' प्रदान किया। नीरजा वास्तव में स्वतंत्र भारत की महानतम विरांगना थीं। सन 2004 में नीरजा भनोट के सम्मान में डाक टिकट भी जारी हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नीरजा का नाम 'हीरोइन ऑफ हाईजैक' के तौर पर मशहूर है। वर्ष 2005 में अमेरिका ने उन्हें 'जस्टिस फॉर क्राइम अवार्ड' दिया। नीरजा के इस साहसिक कार्य और उनके बलिदान को याद रखने के लिए उन पर फिल्म बनी जिसका नाम 'नीरजा' है। इस फिल्म में नीरजा का किरदार अभिनेत्री सोनम कपूर अदा किया है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# गोपाल कृष्ण भगवान की जय, गौ माता की जय

भगवान कृष्ण ने किस ग्रंथ में कहा है मैं गायों में कामधेनु हूं? श्रीमद् भगवतगीता चाहे मुझे मार डालो पर गाय पर हाथ न उठाओकिस महापुरुष ने कहा था बाल गंगाधर तिलक रामचंद्र 'बीर' ने कितने दिनों तक गौहत्या पर रोक लगवाने के लिए अनशन किया 70 दिन पंजाब में किस शासक के राज्य में गौ हत्या पर मृत्यु दंड दिया जाता था पंजाब केसरी महाराज रणजीत सिंह गाय के घी से हवन पर किस देश में वैज्ञानिक प्रयोग किया गया रूस गोबर गैस संयंत्र में गैस प्राप्ति के बाद बचे पदार्थ का उपयोग किस में होता है खेती के लिए जैविक केंचुआ खाद बनाने में मनुष्य को गौ-यज्ञ का फल किस प्रकार होता है।

कत्लखाने जा रही गाय को छुड़ाकर उसके पालन-पोषण की व्यवस्था करने पर एक तोला 10 ग्राम गाय के घी से यज्ञ करने पर क्या बनता है। एक टन ऑक्सीजन ईसा मसीहा का क्या कथन था एक गाय को मारना , एक मनुष्य को मारने के समान



है प्रसिद् मुस्लिम संत रसखान ने क्या अभिलाषा व्यक्त की थी यदि पशु के रूप में मेरा जन्म हो तो मैं बाबा नंद की गायों के बीच में जन्म लूं। पं. मदन मोहन मालवीय जी की अंतिम इच्छा क्या थी। भारतीय संविधान में सबसे पहली धारा सम्पूर्ण गौवंश हत्या निषेध की बने भगवान शिव का प्रिय श्री सम्पन्न 'बिल्वपत्र' की उत्पत्ति कहा से हुई है। गाय के गोबर से गौवंशीय पशु अधिनियम 1995 क्या है?

10 वर्ष तक का कारावास और 10,000 रुपए तक का जुर्माना गाय की रीढ़ में स्थित सुर्यकेतु नाड़ी से क्या होता है।

सर्वरोगनाशक सर्वविषनाशक होता है देशी गाय के एक ग्राम गोबर में कम से कम कितने जीवाणु होते है 300 करोड़ ।गाय के दूध में कौन-कौन से खनिज पाए जाते है । कैलिशयम 200 प्रतिशत, फास्फोरस 150 प्रतिशत, लौह 20 प्रतिशत, गंधक 50 प्रतिशत, पोटाशियम 50 प्रतिशत, सोडियम 10 प्रतिशत, पाए जाते है 'गौ सर्वदेवमयी और वेद सर्वगौमय है', यह युक्ति किस पुराण की है। स्कन्द पुराण । गाय के दूध में कौन-कौन से विटामिन पाए जाते है विटामिन C 2 प्रतिशत, विटामिन A आई.क्यू174 और विटामिन D 5 प्रतिशत यदि हम गायों की रक्षा करेंगे तो गाय हमारी रक्षा करेंगी 'यह संदेश किस महापरुष का है पंडित मदन मोहन मालवीय का ।

'गौ' धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की धात्री होने के कारण कामधेनु है। इसका अनिष्ट चिंतन ही पराभव का कारण है। यह विचार किनका था।

महर्षि अरविंद का भगवान बालकृष्ण ने गायें चराने का कार्य किस दिन से प्रारम्भ किया था। गोपाष्टमी से श्री राम ने वन गमन से पूर्व किस ब्राह्मण को गायें दान की थी। त्रिजट ब्राह्मण को 'जो पशु हां तों कहा बसु मेरो, चरों चित नंद की धेनु मंझारन' यह अभिलाषा किस मुस्लिम कवि की है। रसखान यही देहु आज्ञा तुरुक को खापाऊं, गौ माता का दुःख सदा मैं मिटआऊँ' यह इच्छा किस गुरु ने प्रकट की गुरु गोबिंद सिंह जी ने । सर्व देवमयी गौमाता को कोटि कोटि नमन।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# जल्दबाजी में निर्णय

एक राजा नगर भ्रमण करने के लिए राज दरबार से निकलता है। शाम को जब वह भ्रमण कर राज दरबार में आता है तो उनके पैरों में छाले पड़ जाते हैं। वह तुरंत अपने प्रजा को आदेश देता है कि पूरे गांव के सड़क को मखमल से ढक दिया जाए। प्रजा आश्चर्यचकित हो जाती है और सोचते है कि भला इतने बड़े गांव को मखमल से ढकने के लिए कितने सारे पैसे लगेंगे इतने पैसे हम राजा से कैसे मांगे? प्रजा मुखिया को यह सब बातें बताते हैं कि समस्या का हमें हल बताइए? राजा ने आदेश तो दे दिया है पर हम राजा से पैसे कैसे मांगे? प्रजा का मुखिया राजा को पूछता है कि यह निर्णय आप किस कारण से ले रहे हैं आप मुझे बताइए ? राजा कहता है कि मैं जब नगर भ्रमण के लिए निकला था तो सड़क पर काफी सारे छोटे छोटे कंकर से मेरे पैरों में छाले आ गए। मैं नहीं चाहता कि हमारे नगर में कोई भी व्यक्ति को यह परेशानी हो जिस परेशानी से में जूझ रहा हूं। मुखिया जवाब देते हुए कहते हैं इतनी छोटी सी बात के लिए आप करोड़ों का निवेश करोगे। इससे अच्छा रहेगा की हम मखमल के जूते बना देते हैं। और पूरे नगर को मखमल के जूते वितरण कर देते। जो व्यक्ति निर्णय लेने से पहले विचार करता है उस पर विश्लेषण करता है उसके निर्णय हमेशा सही होते हैं।

# सरदार पटेल की कर्तव्यनिष्ठा

**सरदार** वल्लभ भाई पटेल अदालत में एक मुकदमे की पैरवी कर रहे थे। मामला बहुत गंभीर था। थोड़ी सी लापरवाही भी उनके क्लायंट को फांसी की सजा दिला सकती थी। सरदार पटेल जज के सामने तर्क दे रहे थे। तभी एक व्यक्ति ने आकर उन्हें एक कागज थमाया। पटेल ने उस कागज को पढ़ा। एक क्षण के लिए उनका चेहरा गंभीर हो गया। लेकिन फिर उन्होंने उस कागज को मोड़कर जेब में रख लिया। मुकदमे की कार्यवाही समाप्त हुई। सरदार पटेल के प्रभावशाली तर्कों से उनके क्लायंट की जीत हुई। अदालत से निकलते समय उनके एक साथी वकील ने पटेल से पूछा कि कागज में क्या था? तब सरदार पटेल ने बताया कि वह मेरी पत्नी की मृत्यु की सूचना का तार था। साथी वकील ने आश्चर्य से कहा कि इतनी बड़ी घटना घट गई और आप बहस करते रहे।" सरदार पटेल ने उत्तर दिया, "उस समय मैं अपना कर्तव्य पूरा कर रहा था। मेरे क्लायंट का जीवन मेरी बहस पर निर्भर था। मेरी थोड़ी सी अधीरता उसे फांसी के तख्ते पर पहुंचा सकती थी। मैं उसे कैसे छोड़ सकता था? पत्नी तो जा ही चुकी थी। क्लायंट को कैसे जाने देता?"

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

कविता

## हमारे प्यारे दोस्त

हमारे प्यारे दोस्त, कितने प्यारे हैं,
चीजें खेलना, हँसना, मस्ती करना प्यारा है।
साथ में हम खेलते, खुशी से हँसते,
बच्चों के साथ मिलकर, नए सपने बुनते।

सूरज की किरणें, दिन को सुनहरा बनातीं,
फूलों की खुशबू, हवा को महकातीं।
हमारी प्यारी टोली, खेलने का मन करता,
सपनों की दुनिया में, हर दिन कुछ नया ढूंढ़ता।

उड़ते रंग-बिरंगे पतंग, आसमान में खेलतीं,
फूलों की महक, खुशबू से महकतीं।
हँसी की चहचहाहट, हर दिल को छूती,
मस्ती भरे दिन, हर पल खुशियाँ बुनतीं।

गेंद खेलना, झूला झूलना, कितना मजेदार,
संग-साथ में हर पल, लगते हैं ख़्वाब प्यारे।
चाँदनी रातों में, कहानियाँ सुनाते,
सपनों की दुनिया में, खुशी से मुस्कुराते।

हमारे प्यारे दोस्त, खुशियाँ लाते हैं,
सपनों की दुनिया में, रंग भर जाते हैं।
साथ में रहकर, हर दिन खूबसूरत बनाते,
हँसते-मुस्कुराते, ख़ुशियाँ हर पल सजाते।

# डॉल्फिन के नाम का खेल, हंसी और मस्ती का मेल!

बच्चों! कल्पना कीजिए कि अगर डॉल्फिन के पास अपने खुद के टेलीफ़ोन नंबर होते और वे एक-दूसरे को फ़ोन करके बात करते! अच्छा, अंदाज़ा लगाइए क्या? डॉल्फिन के पास फोन नहीं होते, लेकिन उनके पास कुछ ऐसा ज़रूर होता है जो उनके जैसा ही मज़ेदार होता है—एक ख़ास सीटी जो उनके अपने नाम की तरह काम करती है! बिलकुल सही, डॉल्फ़िन अपने दोस्तों को यह बताने के लिए इन अनोखी सीटी का इस्तेमाल करती हैं कि "अरे, यह मैं हूँ!" तो, अगली बार जब आप डॉल्फिन को फ़्लिप और स्प्लैश करते हुए देखें, तो याद रखें, यह शायद कह रही हो, "हैलो, फ़्लिपर! पार्टी में शामिल होने के लिए आओ!" जैसे हमारे पास अपने दोस्तों को बुलाने के लिए नाम होते हैं, वैसे ही डॉल्फिन के पास अपने समुद्री दोस्तों के संपर्क में रहने के लिए अपनी ख़ास आवाज़ें होती हैं। चलिए डॉल्फ़िन की दुनिया में गोता लगाते हैं और इस मज़ेदार तथ्य को खोजते हैं!



### डॉल्फ़िन की सीक्रेट सीटी

**यहाँ पर यह वाकई मज़ेदार हो जाता है:** डॉल्फ़िन एक-दूसरे से बात करने के लिए सीटी नामक किसी चीज़ का इस्तेमाल करती हैं। कल्पना करें कि अगर आपके पास कोई गुप्त कोड या कोई ख़ास आवाज़ होती। डॉल्फ़िन यही करती हैं! हर डॉल्फ़िन की अपनी अनूठी सीटी होती है, ठीक वैसे ही जैसे हमारे अपने नाम होते हैं। कल्पना कीजिए कि आप अपने दोस्तों के साथ समुद्र तट पर हैं, और हर कोई चिल्ला रहा है और हंस रहा है। अगर आप अपने सबसे अच्छे दोस्त का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं, तो आपके पास कोई खास आवाज़ या कोई मज़ेदार आवाज़ हो सकती है जिसे सिर्फ़ वे ही जानते हैं। डॉल्फ़िन अपनी सीटी के साथ कुछ ऐसा ही करती हैं। हर डॉल्फ़िन की सीटी अलग होती है, इसलिए दूसरी डॉल्फ़िन बता सकती हैं कि उन्हें कौन बुला रहा है।

### डॉल्फ़िन को इतना ख़ास क्या बनाता है?

डॉल्फ़िन अद्भुत जानवर हैं। वे समुद्र में रहती हैं, बहुत तेज़ी से तैरती हैं और पानी में उछलती भी हैं। उनकी बड़ी, दोस्ताना आँखें होती हैं और वे हमेशा मुस्कुराती हुई नज़र आती हैं। डॉल्फ़िन बहुत स्मार्ट भी होती हैं। वे पहेलियाँ सुलझा सकती हैं, खेल खेल सकती हैं और तरकीबें भी सीख सकती हैं।

### मजेदार डॉल्फिन कहानियां

**कल्पना करें:** दो डॉल्फ़िन समुद्र में टैग का खेल खेल रही हैं। एक डॉल्फ़िन, चलो उसे फ़्लिपर कहते हैं, अपने दोस्त स्प्लैश को टैग करना चाहता है। फ़्लिपर अपनी विशेष आवाज़ सीटी बजाना शुरू करता है, और स्प्लैश दूर से इसे सुनता है। स्प्लैश को पता चलता है कि यह फ़्लिपर है क्योंकि सीटी अनोखी है। स्प्लैश खिलखिलाना शुरू कर देता है (डॉल्फ़िन भी ऐसा करती हैं!) और टैग के अगले दौर के लिए तैयार होकर फ़्लिपर की ओर तैरता है।

### यह क्यों जरूरी है?

डॉल्फ़िन की अनूठी सीटी उनके संचार के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। वे डॉल्फ़िन को एक-दूसरे के करीब रहने, एक-दूसरे को खोजने और मज़बूत दोस्ती बनाने में मदद करते हैं। जिस तरह नाम हमें लोगों को पहचानने और उनसे जुड़ने में मदद करते हैं, उसी तरह डॉल्फ़िन की सीटी उन्हें समुद्र में अपने दोस्तों और परिवार के साथ जुड़े रहने में मदद करती है।

### डॉल्फ़िन अपनी सीटी का इस्तेमाल कैसे करती हैं?


डॉल्फ़िन अपनी खास सीटी का इस्तेमाल कई अलग-अलग तरीकों से करती हैं। यहाँ बताया गया है कि कैसे:

**दोस्तों को बुलाना:** जिस तरह हम अपने दोस्तों को उनके नाम से बुलाते हैं, उसी तरह डॉल्फ़िन अपने दोस्तों को बुलाने के लिए अपनी सीटी का इस्तेमाल करती हैं। अगर कोई डॉल्फ़िन खेलना चाहती है या उसे मदद की ज़रूरत है, तो वह अपने डॉल्फ़िन दोस्तों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपनी अनोखी सीटी का इस्तेमाल करेगी।

**एक-दूसरे को ढूंढना:** डॉल्फ़िन बड़े, नीले समुद्र में रहती हैं, जहाँ एक-दूसरे को ढूंढना मुश्किल हो सकता है। लेकिन अपनी खास सीटी की मदद से वे अपने दोस्तों को ढूंढ सकती हैं, भले ही वे बहुत दूर हों। यह भीड़ में लोगों को ढूंढने की महाशक्ति होने जैसा है!

**नए दोस्त बनाना:** जब कोई नई डॉल्फ़िन समूह में आती है, तो अन्य डॉल्फ़िन नए आने वाले का स्वागत करने के लिए अपनी विशेष सीटी का उपयोग कर सकती हैं। यह कुछ-कुछ ऐसा है जैसे कह रहे हों, "हाय! हमें खुशी है कि आप यहाँ हैं!"

# जादुई काठी की कहानी



एक छोटे से गाँव में एक बहादुर लड़का, नाम था अली। अली को घुड़सवारी बहुत पसंद थी, लेकिन उसके पास अच्छा घोड़ा नहीं था। गाँव के लोग अक्सर उसकी इच्छा पर हंसते थे, क्योंकि उनके अनुसार, अली का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता था।

एक दिन, अली ने सुना कि पास के जंगल में एक जादुई काठी छुपी हुई है। यह काठी किसी भी साधारण घोड़े को उड़ने और अद्भुत शक्तियां देने की क्षमता रखती है। अली ने ठान लिया कि वह उस काठी को खोजेगा और अपने सपने को सच करेगा।

अली जंगल की ओर बढ़ा। जंगल में उसने अद्भुत फूलों, चमकते पत्थरों और रहस्यमय जीवों को देखा। जंगल की गहराई में, उसने एक पुराने पेड़ के नीचे एक चमकती हुई काठी देखी। काठी पर सुंदर रत्न जड़े हुए थे और वह सुनहरी चमक रही थी।

अली ने काठी को उठाया और अपने घोड़े, जिसका नाम सुल्तान था, पर डाल दी। जैसे ही काठी सुलतान के ऊपर बैठी, घोड़ा एक चमकदार आभा से घिर गया। अली ने सुल्तान को नियंत्रित किया और देखा कि वह अब हवा में उड़ सकता है, और उसकी गति बहुत तेज हो गई। अली और सुल्तान ने आसमान में उड़कर अपने गाँव की ओर लौटने का फैसला किया। जब वे गाँव में पहुँचे, तो लोग देख कर चकित रह गए। अली और सुल्तान की जादुई उड़ान ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया। अली ने अपने नए कौशल का उपयोग गांव के खेतों को जमी हुई धान की फसल को बचाने में किया, जिससे गाँव के लोग बहुत खुश हुए।

गाँव के लोगों ने अली की बहादुरी और काठी के जादू की सराहना की। अली ने काठी को सभी के साथ बांटने का फैसला किया, ताकि गाँव के लोग भी इसका लाभ उठा सकें। इसके बाद, गाँव में सभी के पास जादुई काठी थी और वे सब मिलकर नई-नई चीजें कर सकते थे।

अली ने सीखा कि सच्ची मेहनत और साहस से बड़ी से बड़ी मुश्किलें भी पार की जा सकती हैं। वह और सुल्तान अब गांव के हीरो बन गए और सभी ने उन्हें आदर्श मान लिया। अली की कहानी अब बच्चों को सुनाई जाती है, जो उन्हें सिखाती है कि सपनों को पूरा करने के लिए विश्वास और प्रयास आवश्यक है।

# चतुर खरगोश और मूर्ख शेर



पंचतंत्र



एक बार की बात है, घने जंगल में एक शक्तिशाली शेर रहता था। यह शेर जंगल का राजा था और सभी जानवरों पर राज करता था। हालांकि, शेर बहुत लालची था और अक्सर बिना किसी कारण के जानवरों का शिकार करता था। जानवर डरे हुए और चिंतित थे, क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि खुद को भयंकर शेर से कैसे बचाया जाए।

एक दिन, जानवर अपनी समस्या पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए। उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें शेर से खुद को बचाने के लिए एक योजना की आवश्यकता है। बहुत चर्चा के बाद, बुद्धिमान बूढ़े कछुए ने एक चतुर विचार निकाला। उसने सुझाव दिया कि उन्हें शेर को हर दिन खाने के लिए एक जानवर देना चाहिए, लेकिन इस शर्त पर कि वह अन्य जानवरों का शिकार नहीं करेगा। शेर सहमत हो गया, यह सोचकर कि इस तरह से उसे बिना ज्यादा काम किए भी अपना भोजन मिल जाएगा।

जानवरों को राहत मिली और उन्होंने हर दिन एक जानवर शेर को भेजना शुरू कर दिया। शेर इस व्यवस्था से संतुष्ट था और अब अन्य जानवरों का शिकार नहीं करता था। हालांकि, जानवर अभी भी डर में रहते थे, क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि अगला शिकार कौन होगा।

एक दिन, शेर के पास जाने की बारी एक चतुर खरगोश की थी। खरगोश बहुत चतुर था और उसने खुद को और अपने साथी जानवरों को बचाने के लिए एक योजना बनाई। जब खरगोश शेर की मांद में पहुंचा, तो उसने देखा कि शेर बहुत भूखा और गुस्से में दिख रहा था। खरगोश ने सम्मानपूर्वक सिर झुकाया और कहा, हे शक्तिशाली शेर, मैं तुम्हारा भोजन बनने के लिए यहाँ आया हूँ। लेकिन इससे पहले कि तुम मुझे खाओ, मैं तुम्हें कुछ महत्वपूर्ण बात बता दूँ। शेर, उत्सुक और अधीर, ने पूछा, तुम मुझे क्या बताना चाहते हो? मुझे बहुत भूख लगी है! खरगोश ने उत्तर दिया, जंगल में एक और शेर है जो तुमसे भी अधिक शक्तिशाली और खतरनाक है। वह तुम्हारे इलाके पर कब्जा करने की धमकी दे रहा है और बहुत शोर मचा रहा है। मुझे डर है कि वह यहाँ आकर तुम्हें चुनौती देगा। शेर चौंक गया और क्रोधित हो गया। उसने दहाड़ते हुए कहा, ₹एक और शेर? उसने मुझे चुनौती देने की हिम्मत कैसे की! मैं उससे तुरंत निपट लूँगा! खरगोश ने चतुराई से शेर को पास के एक गहरे कुएँ के पास ले जाकर अंदर की ओर इशारा किया। वह इस कुएँ में छिपा है, खरगोश ने कहा। शेर ने कुएँ के अंदर झाँका और पानी में अपना प्रतिबिंब देखा। उसे दूसरे शेर की परछाई समझकर, वह दहाड़ता हुआ कुएँ में घुस गया और प्रतिबिंब पर हमला कर दिया।

शेर ने पानी में संघर्ष किया, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। उसे एहसास हुआ कि चतुर खरगोश ने उसे धोखा दिया है। शेर कुएँ में डूब गया और जंगल उसके अत्याचार से बच गया। खरगोश दूसरे जानवरों के पास लौटा और खुशखबरी सुनाई। जानवरों ने खुशी मनाई और चतुर खरगोश की बहादुरी और बुद्धिमत्ता का जश्न मनाया। तब से, जंगल एक शांतिपूर्ण जगह बन गया और जानवर लालची शेर के डर से मुक्त होकर हमेशा खुशी से रहने लगे।

और इस तरह चतुर खरगोश ने अपनी बुद्धि और साहस से दिन बचाया, यह साबित करते हुए कि बुद्धिमत्ता और त्वरित सोच सबसे शक्तिशाली दुश्मनों को भी मात दे सकती है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। लापरवाही से काम न करें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी।

**वृष** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन** डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश में लाभ के योग बन रहे हैं। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएंगे।

**कर्क** योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार से समाज में सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह** आज अध्यात्म में रुचि बनी रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** पारिवारिक जीवन तनावपूर्ण रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

**तुला** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा।

**वृश्चिक** आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। अनायास धन लाभ के योग हैं। व्यापार में वांछित उन्नति होगी।

**धनु** प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा हो सकती है।

**मकर** किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी। राज्यपक्ष से लाभ होगा। अपने काम से काम रखें। दांपत्य सुख प्राप्त होगा। बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कुंभ** नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं। मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है।

**मीन** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। व्यर्थ समय नष्ट न करें।

# नक्षत्र से स्वभाव निर्धारण

नक्षत्र संख्या में 27 हैं और एक राशि ढाई नक्षत्र से बनती है। नक्षत्र भी जातक का स्वभाव निर्धारित करते हैं।

1. अश्विनी : बौद्धिक प्रगल्भता, संचालन शक्ति, चंचलता व चपलता इस जातक की विशेषता होती है।

2. भरणी : स्वार्थी वृत्ति, स्वकेंद्रित होना व स्वतंत्र निर्णय लेने में समर्थ न होना इस नक्षत्र के जातकों में दिखाई देता है।

3. कृतिका : अति साहस, आक्रामकता, स्वकेंद्रित, व अहंकारी होना इस नक्षत्र के जातकों का स्वभाव है। इन्हें शस्त्र, अग्नि और वाहन से भय होता है।

4. रोहिणी : प्रसन्न भाव, कलाप्रियता, मन की स्वच्छता व उच्च अभिरुचि इस नक्षत्र की विशेषता है।

5. मृगशिरा : बुद्धिवादी व भोगवादी का समन्वय, तीव्र बुद्धि होने पर भी उसका उपयोग सही स्थान पर न होना इस नक्षत्र की विशेषता है।


6. आर्द्रा : ये जातक गुस्सैल होते हैं। निर्णय लेते समय द्विधा मनःस्थिति होती है, संशयी स्वभाव भी होता है।

7. पुनर्वसु : आदर्शवादी, सहयोग करने वाले व शांत स्वभाव के व्यक्ति होते हैं। आध्यात्म में गहरी रुचि होती है।

8. अश्लेषा : जिद्दी व एक हद तक अविचारी भी होते हैं। सहज विश्वास नहीं करते व 'आ बैल मुझे मार' की तर्ज पर स्वयं संकट बुला लेते हैं।

9. मघा : स्वाभिमानी, स्वावलंबी, उच्च महत्वाकांक्षी व सहज नेतृत्व के गुण इन जातकों का स्वभाव होता है।





प्रियंका जैन
9769994439

10. पूर्वाफाल्गुनी : श्रद्धालु, कलाप्रिय, रसिक वृत्ति व शौकीन होते हैं।

11. उत्तराफाल्गुनी : ये संतुलित स्वभाव वाले होते हैं। व्यवहारशील व अत्यंत परिश्रमी होते हैं।

12. हस्त : कल्पनाशील, संवेदनशील, सुखी, समाधानी व सन्मार्गी व्यक्ति इस नक्षत्र में जन्म लेते हैं।

13. चित्रा : लिखने-पढ़ने में रुचि, शौकीन मिजाजी, भिन्न लिंगी व्यक्तियों का आकर्षण इन जातकों में झलकता है।

14. स्वाति : समतोल प्रकृति, मन पर नियंत्रण, समाधानी वृत्ति व दुख सहने व पचाने की क्षमता इनका स्वभाव है।

15. विशाखा : स्वार्थी, जिद्दी, हेकड़ीखोर व्यक्ति होते हैं। हर तरह से अपना काम निकलवाने में माहिर होते हैं।

16. अनुराधा : कुटुंबवत्सल, श्रृंगार प्रिय, मधुरवाणी, सन्मार्गी, शौकीन होना इन जातकों का स्वभाव है।

17. ज्येष्ठा : स्वभाव निर्मल, खुशमिजाज मगर शत्रुता को न भूलने वाले, छिपकर वार करने वाले होते हैं।

18. मूल : प्रारंभिक जीवन कष्टकर, परिवार से दुखी, राजकारण में यश, कलाप्रेमी-कलाकार होते हैं।

19. पूर्वाषाढ़ा : शांत, धीमी गति वाले, समाधानी व ऐश्वर्य प्रिय व्यक्ति इस नक्षत्र में जन्म लेते हैं।

20. उत्तराषाढ़ा : विनयशील, बुद्धिमान, आध्यात्म में रूचि वाले होते हैं। सबको साथ लेकर चलते हैं।

21. श्रवण : सन्मार्गी, श्रद्धालु, परोपकारी, कतृत्ववान होना इन जातकों का स्वभाव है।

22. धनिष्ठा : गुस्सैल, कटुभाषी व असंयमी होते हैं। हर वक्त अहंकार आड़े आता है।

23 शतभिषा : रसिक मिजाज, व्यसनाधीनता व कामवासना की ओर अधिक झुकाव होता है। समयानुसार आचरण नहीं करते।

24. पुष्य : सन्मर्गी, दानप्रिय, बुद्धिमान व दानी होते हैं। समाज में पहचान बनाते हैं।

25. पूर्व भाद्रपदा : बुद्धिमान, जोड़-तोड़ में निपुण, संशोधक वृत्ति, समय के साथ चलने में कुशल होते हैं।

26. उत्तरा भाद्रपदा : मोहक चेहरा, बातचीत में कुशल, चंचल व दूसरों को प्रभावित करने की शक्ति रखते हैं।

27. रेवती : सत्यवादी, निरपेक्ष, विवेकवान होते हैं। सतत जन कल्याण करने का ध्यास इनमें होता है।

## खबर संक्षेप

### बंद घर में हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बरदह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चौकी गांव निवासी गौतम गुप्ता अपने परिवार के साथ मुंबई रहते हैं। बृहस्पतिवार की देर शाम जब अपने घर पहुंचे तो देखा कि बाहर का मेन गेट का ताला बंद है। अंदर का ताला कटा हुआ है। घर के अंदर सामान बिखरे पड़े हैं। पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंचकर जांच पड़ताल की। गौतम गुप्ता ने थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि घर में रखे कीमती सामान व बर्तन चोरी हो गए। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गठित की गई है। छानबीन कर रही है। चोरी का जल्द से जल्द खुलासा किया जाएगा।

### फुलवारीशरीफ दो गुटों के बीच मारपीट के बाद तनाव

**फुलवारीशरीफ।** पटना से सटे फुलवारीशरीफ में शुक्रवार को दो गुटों के बीच जमकर मारपीट की सूचना आ रही है। इस मारपीट के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद फुलवारीशरीफ में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

### बिहार में 7279 विशेष शिक्षकों की होगी नियुक्ति, महिलाओं को 50% आरक्षण


**पटना।** बिहार के प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा एक से आठ वीं तक कुल 7279 विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। इनमें से 5534 पदों पर विशेष शिक्षकों की नियुक्ति एक से पांच वीं में की जायेगी। जबकि कक्षा छह से आठ वीं में 1745 पदों पर विशेष शिक्षक नियुक्त किये जायेंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने रोस्टर क्लियरेंस की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके बाद बिहार लोक सेवा आयोग को जरूरी अधियाचना भेजी जाएगी ताकि नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जा सके। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) को निर्देशित किया है कि वो जल्द से जल्द रोस्टर क्लियरेंस कराएं। प्राथमिक निदेशक की तरफ से जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी इस पत्र की सूचना सभी जिला पदाधिकारियों को भी दे दी गयी है। दरअसल रोस्टर क्लियरेंस जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा ही किया जाता है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक सभी पद मूल कोटि के होंगे।

# तहसीलदार के चपरासी ने रिश्वत में मांगी बड़ी हिस्सेदारी

▶▶ डीएम को लिखा लेटर, मची खलबली

**एजेंसी | जौनपुर**

जौनपुर में तहसीलदार के एक प्राइवेट चपरासी ने रिश्वत में हिस्सेदारी को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। यह पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया है। पत्र वायरल होते ही खलबली मची है। डीएम ने जांच का आदेश दिया है। एसडीएम को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मामला शाहगंज तहसील के नायब तहसीलदार के दफ्तर का है। खुद को यहां का प्राइवेट चपरासी बताने वाले ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।



#### क्या है वायरल पत्र में ?

वायरल पत्र में कहा गया है कि मैं राजाराम यादव नायब तहसीलदार लपरी शैलेन्द्र कुमार सरोज का प्राइवेट चपरासी हूं। सारा घूस का पैसा मैं ही अधिवक्ताओं और जनता से वसूल करता हूं। मेरे नीचे अविनाश यादव और अजीत यादव हैं। हम लोग लगातार झगड़ा और मारपीट कर पैसा वसूलते हैं। इस वसूली के एवज में सभी प्राइवेट चपरासियों को एक हजार रुपए प्रतिदिन मिलता है। लेकिन मुझे पांच सौ रुपए ही नायब तहसीलदार देते हैं। आगे लिखा कि मेरा पैसा भी बढ़ाया जाए। पत्र मिलते ही जिलाधिकारी ने एसडीएम को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया है। डीएम का आदेश मिलते ही एसडीएम ने जांच भी शुरू कर दी और नायब तहसीलदार से आख्या मांगी है। इस मामले में जब राजाराम से बात की गई तो उसने कहा कि प्रार्थना पत्र पर राजाराम यादव अंकित है। जब कि मैं राजाराम राजभर हूं। मैंने किसी तरह का पत्र नहीं लिखा है। उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया ने कहा कि पत्र प्राप्त हुआ है। तहसील में कोई प्राइवेट कर्मी कार्यरत नहीं है। यह किसी की शरारत लग रही है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# पलामू पुलिस ने 2 घंटे के अंदर सुलझाया अपहरण का मामला

▶▶ दो बच्चों को कराया मुक्त

**एजेंसी | पलामू**

पलामू में पुलिस की मुस्तैदी से दो स्कूली बच्चों के अपहरण का मामला सुलझ गया है। पुलिस ने यह केस दो घंटे में सुलझा लिया और दोनों बच्चों को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से भी छुड़ा लिया है। इस दौरान पुलिस ने चारों अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है।

#### स्कूल से लौटने के क्रम में हुआ अपहरण



पांकी रोड के पोखराहा स्थित संत जेवियर्स स्कूल से गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे एक छात्र स्कूटी से अपने घर जा रहा था। घर लौटने के क्रम में चार आरोपियों ने उस छात्र को अपने कब्जे में ले लिया और जान से मारने की धमकी दी। कब्जे में लेने के दौरान वहां मौजूद कुछ बच्चों ने भी इसका विरोध किया। इसके बाद उस छात्र के साथ मारपीट की गई और उसे फोन करके अपने मित्र को बुलाने को कहा। जब उसका मित्र आया तो उसका भी अपहरण कर लिया।

#### घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई

अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत हरकत में आई और फौरन मामले में कार्रवाई करते हुए दो घंटे के अंदर दोनों बच्चों को मुक्त करा लिया और चारों अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक दूसरे छात्र और अपहरण करने वालों के बीच पहले से कोई रंजिश थी। इस लिए उसका अपहरण कर लिया है।


## रेल लाइन निर्माण के खोदे गए गड्ढे में गिर कर युवक की मौत

**एजेंसी | रामगढ़**

पीवीयूएनएल पावर प्लांट के लिए बनाए जा रहे रेलवे लाइन निर्माण स्थल साइट पर गड्ढे में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक जयनगर निवासी सोनू कुमार (24) पिता दिलीप सोनार बताया जा रहा है। घर वालों व ग्रामीणों के अनुसार युवक सोनू कुमार घर से सुबह 5-6बजे के आसपास शौच के लिए निकला था। सुबह लगभग 7 बजे वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने पानी के ऊपर पैर को निकला देखा। इसके बाद यह खबर आग की तरह गांव में फैल गयी। ग्रामीणों को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने युवक को तुरंत पानी से बाहर निकाला और प्रखंड चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने लवणा जयनगर जाने वाले रास्ते के बीच में शव को रखकर सड़क को जाम कर दिया।

## कोर्ट आए युवक की दिन दहाड़े हत्या

**एजेंसी | एटा**




यूपी के एटा जिले में दिन दहाड़े एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या की खबर से पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई। युवक कोर्ट में बाइक से तारीख पर आया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कासगंज रोड पर मारुती शो रूम के पास अलीगढ़ से अपने बहनोई ओमवीर के साथ एटा न्यायालय मे तारीख करने के लिए विवेक यादव आया था। पुलिस ने बताया कि कार सवार कुछ लोगों ने विवेक पर हमला बोल दिया और उसकी कुल्हाड़ी और डंडे से पीट दिया। सिर को ईंटो से कुचलकर हत्या कर दी।

#### क्या है आरोप ?

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक विवेक यादव पर कोतवाली देहात में आईपीसी की धारा 302, 201 आई पी सी के तहत अप्रैल 2024 में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि मृतक विवेक यादव सहित तीन लोग कुछ महीने पहले जिरसमी नहर में नहाने गए थे। वहां आरोप है कि विवेक यादव ने दो लोगों की नहर में डुबाकर हत्या कर दी थी। इसी आरोप में कोतवाली देहात में मृतक पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में आईपीसी की धारा 304 में विवेक यादव के खिलाफ न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल हुई थी। इस मामले में मृतक हाई कोर्ट से जमानत पर था।

# भेड़िए के बाद अब सियार की दहशत

## दो महिलाओं समेत पांच लोगों पर बोला हमला

**एजेंसी | लखीमपुर खीरी**

यूपी में अभी भेड़िए की दहशत खत्म भी नहीं हो पाई थी कि अब सियार ने लोगों पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। बरेली और लखीमपुर खीरी में सियार की दहशत देखी गई है। सियार ने बरेली में तीन और खीरी में दो लोगों को जख्मी किया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पहला मामला बरेली जिले के बहेड़ी क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार के जसाईनागर गांव में शुक्रवार की दोपहर गांव की 60 वर्षीय वृद्धा महारानी पत्नी टीका राम खेत मे घास काटने गई हुई थी तभी अचानक सियार ने उस पर हमला कर दिया, उसका चेहरा बुरी तरह नोच लिया। इसके बाद सियार ने दूसरी महिला श्यामकली पत्नी रामपाल (61वर्ष) के सीने में और सचिन पुत्र निरंजन (27 वर्ष) के पैर में काट लिया। घटना के बाद गांव में खलबली मच गई और आनन फानन में तीनों घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां महारानी की दशा चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने उसे बरेली रैफर कर दिया है। घटना के बाद से गांव में दहशत बनी हुई है। वन विभाग के रेंजर वैभव चौधरी टीम के साथ गांव पहुंचे और हमलावर जानवर की जानकारी जुटाने में लग गए।

#### खीरी में खेत पर काम करने गए चाचा-भतीजे को सियार ने किया जख्मी



मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसुमी गांव निवासी इंद्रपाल सिंह अपने भतीजे धर्मेश सिंह के साथ शुक्रवार सुबह खेतों की तरफ पत्ती बांधने के लिए गए थे, तभी अचानक गन्ने के खेत से निकलकर सियार ने धर्मेश पर हमला बोल दिया। भतीजे पर हमलावर होते देख इंद्रपाल ने दराती से जानवर पर प्रहार किया तो वह उन पर भी हमलावर हो गया। हमले में सियार ने भतीजे धर्मेश को बुरी तरह से चेहरे, सिर समेत शरीर को नोंचकर जख्मी कर दिया। काफी देर संघर्ष के दौरान शोर मचाने पर खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने जैसे तैसे जानवर को भगाया और घायल हुए चाचा-भतीजे को उपचार के लिए सीएचसी मितौली ले गए। जहां दोनों का उपचार जारी है। सियार द्वारा हमला किए जाने की सूचना पाकर वन दरोगा विनोद भारती ने घटनास्थल पर पहुंचकर पगचिन्हों को देख सियार होने की पुष्टि की है। विनोद भारती ने बताया कि गन्ने के खेतों में ही सियार रहते हैं उसी खेत में किसान पत्ती बांधने गए थे, अपने बचाव में सियार आक्रामक होकर हमलावर हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीण भेड़िया होने की बात कह रहे हैं। धौरहरा वनरेंज के देवीपुरवा गांव में हिंसक भेड़िए के हमले लगातार जारी हैं। देवीपुरवा गांव में भेड़िए ने खेत देखने गए एक किसान पर हमला कर जख्मी कर दिया। जिसके बाद देर रात भेड़िया आबादी में घुस आया। एक दिन पहले भेड़िए की आमद से सचेत निगरानी कर रहे ग्रामीणों ने भेड़िए को खदेड़ दिया। भेड़िया एक खेत में घुस गया। जिसकी घेराबंदी ग्रामीणों ने की। पर भेड़िया खेतों में ही कहीं छिपा रहा। देवीपुरवा गांव में एक दिन पहले भेड़िए ने हमला बोला था। दूसरे दिन देर शाम खेत देखने गए गांव निवासी 60 साल के प्रकाश पर भेड़िए ने हमला कर दिया। हमले में प्रकाश जख्मी हो गया।

## टाटा-बरहमपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रायल रन 10 सितंबर को

**एजेंसी | जमशेदपुर**

झारखंड के टाटानगर से ओडिशा के बरहमपुर के बीच बहुत जल्द वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दौड़ने लगेगी। दोनों राज्यों के लोगों की यात्रा बेहद आरामदायक होने वाली है। टाटा बरहमपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रायल रन की तारीख भी सामने आ गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से कहा गया है कि इस ट्रेन का ट्रायल रन 10 सितंबर को किया जाएगा। टाटानगर से खुलकर यह ट्रेन बरहमपुर तक जाएगी। जमशेदपुर से बरहमपुर की यात्रा 9 घंटे 10 मिनट में पूरी होगी। वहीं, बरहमपुर से टाटानगर लौटने में ट्रेन को 8 घंटे 55 मिनट लगेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे के चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर प्रसुन चक्रवर्ती की ओर से जारी चिट्ठी में कहा गया है कि टाटानगर बरहमपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 63वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए जमशेदपुर आ सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को झारखंड को एक साथ 3 वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। एक ट्रेन टाटा से पटना के बीच चलेगी, दूसरी ट्रेन टाटा से बरहमपुर के बीच चलेगी और एक ट्रेन बैद्यनाथधाम की नगरी देवघर से बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के बीच चलेगी।



# व्यापार जगत

# शुक्रवार को बिखरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1000 अंक टूटा, निफ्टी भी धड़ाम

**एजेंसी | मुंबई**



शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी है। सेंसेक्स 1,017.23 अंकों का गोता लगाते हुए 81,183.93 और निफ्टी 292.95 अंक फिसलकर 24,852.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई इंडेक्स के टॉप 30 शेयरों की बात करें तो एसबीआई में 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी थी। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी के शेयर भी 2 फीसदी से ज्यादा टूट गए। एचसीएल, रिलायंस, टाटा मोटर्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए।

# कोटा से बच्चों का मोह हुआ भंग, ओंधे मुंह गिरा प्रॉपर्टी मार्केट

**एजेंसी | कोटा**

इस बार कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स कम आने के कारण कोचिंग बाहुल्य क्षेत्रों में प्रॉपर्टी की दरों में 20 से 30 फीसदी तक की गिरावट आई है। जिले में जमीनों की सरकारी दरें तय करने के लिए जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) की बैठक होगी। इसमें जमीनों की नई सरकारी दरें तय की जाएंगी। बैठक में जिलेभर में डीएलसी की दरों में 5 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित है।



#### डीएलसी दरें बढ़ाने के पक्ष में नहीं है अधिकतर जनप्रतिनिधि

हालांकि अधिकतर जनप्रतिनिधि कोटा के मौजूदा आर्थिक हालात में डीएलसी दरें बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ। रविन्द्र गोस्वामी करेंगे। डीएलसी में जिले के सभी विधायक और प्रधान सदस्य हैं। ऐसे में विधायकों और प्रधान को भी इस बैठक में आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों सरकार ने जिला कलक्टर को पत्र लिखकर बैठक कर डीएलसी की दरों का पुनर्निर्धारण करने को कहा था।

# टमाटर, पॉल्ट्री के दाम घटने से थाली सस्ती

**एजेंसी | मुंबई**



पवित्र श्रावण मास में अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने की वजह से टमाटर और पॉल्ट्री की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इससे अगस्त के महीने में घर में पकाए जाने वाले भोजन की कीमतों में कमी देखी गई। क्रिसिल ने अपनी मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि शाकाहारी भोजन की कीमत जुलाई के 32.6 रुपए प्रति थाली की तुलना में अगस्त में चार प्रतिशत घटकर 31.2 रुपए हो गई। वहीं पिछले साल के अगस्त महीने में इसकी कीमत 34 रुपए प्रति थाली थी। मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपए हो गई। हालांकि, अगस्त, 2023 की तुलना में यह 12 प्रतिशत अधिक थी।

#### विडियोकॉन लोन फ्रॉड का मामला

## चंदा कोचर और दीपक कोचर को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**एजेंसी | मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (6 सितंबर) को ICICI बैंक की पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर और CEO चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को नोटिस जारी कर उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर जवाब मांगा है। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस साल 6 फरवरी लोन फ्रॉड मामले में चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को अवैध बताया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा था कि CBI ने चंदा और दीपक कोचर की गिरफ्तारी बिना दिमाग लगाए और कानून का उचित सम्मान किए बिना की है। जस्टिस संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया और CBI की ओर से दायर अपील पर उनसे जवाब मांगा। चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को CBI ने 23 दिसंबर, 2022 को वीडियोकॉन-ICICI बैंक लोन मामले में गिरफ्तार किया था।

#### CBI ने 23 दिसंबर 2022 को चंदा और दीपक को किया था गिरफ्तार



वीडियोकॉन-ICICI बैंक लोन मामले में CBI ने 23 दिसंबर 2022 को चंदा और दीपक को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने तुरंत गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का रुख किया और इसे अवैध घोषित करने की मांग की थी। इसके अलावा अंतरिम आदेश के माध्यम से जमानत पर रिहा करने की मांग भी की थी। 9 जनवरी 2023 को अदालत ने एक अंतरिम आदेश में कोचर को जमानत दे दी थी। यह देखते हुए कि CBI ने लापरवाही से और बिना दिमाग लगाए गिरफ्तारी की थी। वहीं 6 फरवरी के आदेश में बेंच ने कहा कि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (CrPC) की धारा 41A को नियमित गिरफ्तारी से बचने के लिए पेश किया गया था।

## बाजार स्टाइल रिटेल के शेयर की सपाट शुरुआत, 40.63 गुना हुआ था सब्सक्राइब

**एजेंसी | नई दिल्ली**

रेखा झुनझुनवाला समर्थित खुदरा परिधान विक्रेता बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड के शेयर ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में सपाट शुरुआत की। कंपनी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर आईपीओ के इश्यू प्राइस 389 रुपए पर ही लिस्ट हुआ। हालांकि, अभी इसमें 8 फीसदी से ज्यादा की तेजी है, और 421 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 अगस्त से 3 सितंबर तक निवेशकों के लिए खुला था। इन तीन कारोबारी दिनों में कुल 40.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# बाजार स्टाइल रिटेल के शेयर की ₹389 पर फ्लैट लिस्टिंग

टोटल 40.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था IPO, अभी इसमें 8% से ज्यादा की तेजी

**एजेंसी | मुंबई**

बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड का शेयर आज स्टॉक एक्सचेंज पर फ्लैट लिस्ट हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर शेयर IPO के इश्यू प्राइस 389 पर ही लिस्ट हुआ। हालांकि, अभी इसमें 8% से ज्यादा की तेजी है, ये 421 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 30 अगस्त से 3 सितंबर तक निवेशकों के लिए ओपन था। तीन कारोबारी दिनों में IPO टोटल 40.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में 9.07 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 81.83 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 59.41 गुना सब्सक्राइब हुआ था।





#### ₹834.68 करोड़ का था बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड का इश्यू

बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड का ये इश्यू टोटल 834.68 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 686.68 करोड़ के 17,652,320 शेयर बेचे। वहीं, कंपनी 148 करोड़ के 3,804,627 फ्रेश शेयर किए। बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 370-389 तय किया था। रिटेल निवेशक कम से कम एक लॉट यानी 38 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते थे। यदि आप IPO के अपर प्राइस बैंड 389 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते, तो इसके लिए 14,782 इन्वेस्ट करने होते।

## यूएस ओपनः जेसिका ने पहला सेट गंवाने के बाद दमदार वापसी कर मुचोवा को जबकि गत उपविजेता आर्यना ने नवारो को किया पराजित

# पेगुला और सबालेंका के बीच पहली बार खिताबी जंग

- 11 साल में एक सत्र में कनाडा, सिनसिनाटी और यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं पेगुला
- 12 साल में पहली बार ऐसा होगा जब अमेरिका का महिला और पुरुष वर्ग में एक-एक खिलाड़ी खिताबी मुकबला खेलेगा

### सबसे उम्रदराज अमेरिकी

30 साल की पेगुला ने ओपन युग में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज अमेरिकी महिला खिलाड़ी हैं। वहीं वह अपने देश की तीसरी खिलाड़ी हैं जो 30 या उससे अधिक उम्र में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचीं।

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल का टिकट कटा लिया। अब खिताब के लिए शनिवार को पेगुला का सामना नंबर दो खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। जेसिका ने गुरुवार देर रात को यूएस ओपन में कैरोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से पराजित किया।

### लगातार दसवें साल मिलेगी नई मलिका

यह लगातार दसवां मौका होगा जब यूएस ओपन को नई मलिका मिलेगी। सेरेना के बाद से कोई भी खिलाड़ी लगातार दूसरी बार यह ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। वहीं सबालेंका पिछले पांच साल में लगातार फाइनल खेलने वाली पहली खिलाड़ी होंगी। इससे पहले सेरेना 2018 और 2019 में लगातार फाइनल खेलीं थी पर हार गई थीं। इटली की सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6, 7-5 से हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है।

### नौ साल बाद सेमीफाइनल में भिड़ेंगे दो अमेरिकी

नौ साल बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल में दो पुरुष खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियोफ में खेला जाएगा। 12वें नंबर के टेलर ने चौथे नंबर के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6,3-6, 6-4, 7-6 से पराजित किया। फ्रांसिस को ग्रिगोर दिमित्रोव ने मैच के बीच में वाकओवर दे दिया। जब दिमित्रोव मुकाबले से हटे तब फ्रांसिस ने 6-3, 6-7, 6-3, 4-1 से आगे चल रहे थे। इससे पहले 2005 में आंद्रे अगासी हमवतन रॉबी जिनेप्री को हराकर फाइनल में पहुंचे थे और उपविजेता बने थे। वहीं, 2009 (एंडी रोड्रिक, विम्बलडन) के बाद यह पहला मौका होगा जब कोई अमेरिकी खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचेगा। दूसरे सेमीफाइनल दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर और जैक ड्रेपर के बीच खेला जाएगा।

## हरविंदर और प्रीति समापन समारोह में होंगे ध्वजवाहक



**एजेंसी । पेरिस**

चैंपियन तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला फर्राटा धाविका प्रीति पाल पेरिस खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। 33 वर्षीय हरविंदर पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं। उन्होंने टोक्यो में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कहा, भारत के लिए स्वर्ण जीतना सपना सच होने जैसा है। अब समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना तो सबसे बड़ा सम्मान है। यह जीत उन सभी के लिए है जिन्हें मुझ पर भरोसा था। उम्मीद है कि मैं कइयों को अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा दे सकूंगा। महिलाओं की टी35 100 और 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली 23 वर्ष की प्रीति ने कहा, भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है।

# पेरिस पैरालंपिकः भारत को मिला 26वां पदक

- प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में जीता स्वर्ण




**एजेंसी । पेरिस**

भारतीय खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने भारत की छोली में एक और पदक डाल दिया है। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। भारत का पेरिस पैरालंपिक में यह छठा स्वर्ण है, जबकि 26वां पदक है। भारत के खाते में अब 6 स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक हो चुके हैं। 21 साल के भारतीय एथलीट प्रवीण ने मेन्स हाई जम्प टी64 स्पर्धा के फाइनल में 2.08 मीटर की जम्प लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में अमेरिका के डेरेक लोसिडेंट 2.06 मीटर के साथ दूसरे नंबर पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया। उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक जियाजोव ने 2.03 मीटर की जम्प के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक जीता। प्रवीण का यह पैरालंपिक में लगातार दूसरा पदक है।

### पैरालंपिक में पहली बार जीते 6 स्वर्ण पदक

पेरिस पैरालंपिक में भारत का ये छठा स्वर्ण पदक है। भारत ने पहली बार पैरालंपिक गेम्स में छह स्वर्ण पदक जीते हैं। इससे पहले भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण पदक जीते थे। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत ने 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। कुल 19 पदक के साथ भारत का पैरालंपिक गेम्स में सबसे अच्छा प्रदर्शन था। पेरिस पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने इसे पीछे छोड़ते हुए अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिया है। भारत ने अभी तक कुल 26 पदक अपने नाम कर लिए हैं, जिसमें से 6 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक हैं। भारत पदक तालिका में 14वें नंबर पर आ चुका है।

## नीरज डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई




**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया। वह 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहे। फाइनल्स 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इसके साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा। नीरज 2022 और 2023 में डायमंड लीग के लुसाने चरण में जीत दर्ज की थी।

### विश्व बधिर चैंपियनशिप

## शौर्य ने सोने और चेतन ने कांसे पर साधा निशाना



**एजेंसी । हनोवर**

शौर्य सैनी ने शुक्रवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल3 पोजीशन स्पर्धा में 452.4 के स्कोर के साथ विश्व बधिर चैंपियनशिप का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सैनी ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 अंकों के साथ फाइनल में प्रवेश किया। चेतन हनमंत सपकाल ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इससे भारत कुल 17 (5 स्वर्ण, 7 रजत, 5 कांस्य) पदक जीत चुका है।

चेतन 534 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वह यूक्रेन के सेरही ओहोरडनिक और ओलेक्सांद्र कोलोडी से पीछे रहे जिन्होंने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत जीतने के बाद यह सैनी का प्रतियोगिता में दूसरा पदक है।

## राहुल द्रविड़ बनाए गए राजस्थान रॉयल्स टीम के प्रमुख कोच



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कोच राहुल द्रविड़ इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में राजस्थान रॉयल्स (RR) के कोच बनाए गए हैं। राहुल के ही देखरेख में ही भारत ने टी-20 विश्व कप 2024 जीता था। वह IPL 2025 से मुख्य कोच की भूमिका में नजर आएंगे। राहुल अगले सीजन से पहले होने वाले मेगा नीलामी में भी RR का हिस्सा होंगे।

### राहुल ने क्या कहा?

द्रविड़ ने एक बयान में कहा, ₹मैं इस फ्रेंचाइजी में वापस आकर खुश हूं, जिसे मैं पिछले कई वर्षों से अपना घर कहता रहा हूं। विश्व कप के बाद मुझे लगता है कि मेरे लिए एक और चुनौती लेने का यह आदर्श समय है और RR ऐसा करने के लिए बिल्कुल सही जगह है।₹ द्रविड़ IPL 2012 और 2013 में RR की कप्तानी कर चुके हैं। इसके बाद 2014 और 2015 में वह डायरेक्टर और मेंटर भी रह चुके हैं।

### कुमार संगाकारा निदेशक बने रहेंगे

अटकलें लगाई जा रही थीं कि कुमार संगाकारा की जगह द्रविड़ को RR की टीम में शामिल किया जाएगा। हालांकि, 2008 की चैंपियन टीम ने साफ कर दिया है कि संगाकारा RR के क्रिकेट निदेशक के पद पर बने रहेंगे। विक्रम राठौड़ को द्रविड़ के सहायक कोच के तौर पर शामिल किया जा सकता है। हालांकि, विक्रम अभी न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बीच एकमात्र टेस्ट मैच में कीवी टीम के बल्लेबाजी कोच बनाए गए हैं।

## श्रेयस अय्यर का बल्ला बोला, खेली कप्तानी पारी



**एजेंसी । अनंतपुर**

श्रेयस अय्यर का आखिरकार बल्ला बोला और उन्होंने अनंतपुर में खेले जा रहे दिलीप ट्रॉफी मुकाबले में इंडिया-सी के खिलाफ कप्तानी पारी खेली। इंडिया-डी की कप्तानी कर रहे श्रेयस ने दूसरी पारी में अर्धशतक ठोका। उन्होंने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। पहली पारी में 9 रन पर आउट होने वाले श्रेयस ने दूसरी पारी में 44 गेंद में 54 रन की पारी ठोकी। उन्होंने 122 की औसत से रन बनाए।

### मुंबई के मैदानों से

## घुड़दौड़ः मिस अमेरिकन पे के लिए अवसर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

शनिवार को पुणे रेसकोर्स पर आयोजित पुणे घुड़दौड़ सत्र के छठें दिन की मुख्य दौड़ आक्कासाहेब महाराज ट्रॉफी में एम के जाधव द्वारा प्रशिक्षित मिस अमेरिकन पे के लिए एक और जीत के अवसर हैं। दौड़ में मात्र पांच घोड़े हिस्सा ले रहे हैं, अपनी पिछली दौड़ में प्रभावशाली जीत करने वाली मिस अमेरिकन पे जबरदस्त फॉर्म में है और उसके जीत की संभावना है। कुल आठ दौडों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दोपहर 1.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- हॉउस ऑफ लॉर्ड्स (प्र.), नॉर्दन सिंगर (द्वि.), 2- बिग रेड (प्र.), एक्जुमा (द्वि.), 3- क्रिस्टोफेनी (प्र.), ऑर्ट कलेक्टर (द्वि.), 4- मार्कस (प्र.), टाईमलेस विजन (द्वि.), 5- एर्काडियन (प्र.), लॉर्ड एरिक (द्वि.), 6- मिस अमेरिकन पे (प्र.), टाईम एंड टाईड (द्वि.), 7- डुफी (प्र.), सुपरइम्पोज (द्वि.), 8- ज़कापा (प्र.), प्रिन्स ओ वॉर (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- मार्कस।

## रणवीर सिंह की 'डॉन 3' की शूटिंग टली



अभिनेता रणवीर सिंह को पिछली बार आलिया भट्ट के साथ फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने 355 .61 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब रणवीर फिल्म 'डॉन 3' में नजर आने वाले है। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में है।

अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। 'डॉन 3' की शूaटिंग टल गई है। खबरें थीं कि फिल्म की शूटिंग इसी साल अगस्त के महीने में शुरू हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ताजा खबर है कि 'डॉन 3' की शूटिंग मई, 2025 तक खिसका दी गई है। कहा जा रहा है कि फिल्म के निर्देशक फरहान अख्तर अपनी फिल्म '120 बहादुर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस कारण उन्होंने 'डॉन 3' की शूटिंग के शेड्यूल को आगे बढ़ा दिया है।


## 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर जारी

अभिनेता आदर्श गौरव को आखिरी बार फिल्म साजिद अली की फिल्म 'वो भी दिन थे' में देखा गया था। यह फिल्म 29 मार्च, 2024 को ZEE5 पर रिलीज हुई थी। इससे पहले आदर्श फिल्म 'खो गए हम कहां' में अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आए थे। अब आदर्श फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जो पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है।



रीमा कागती के निर्देशन में बनी फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। आदर्श ने एक बार फिर अपना उम्दा अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

इस फिल्म में विनीत कुमार सिंह और शशांक अरोड़ा जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बता दें कि 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का प्रीमियर हाल ही में टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ है।



## फिर रिलीज हो रही है 'वीर-जारा'

शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की फिल्म 'वीर-जारा' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह फिल्म 12 नवंबर, 2004 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 41.86 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है। लगभग 20 साल बाद शाहरुख और प्रीति की फिल्म 'वीर-जारा' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है।

### 13 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

'वीर-जारा' 13 सितंबर, 2024 को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। निर्माताओं ने लिखा, 'स्वर्ग में बनी जोड़ी वीर-जारा शुक्रवार, 13 सितंबर को सिनेमाघरों में वापस आ रही है। इसे अपने नजदीकी सिनेपोलिस स्क्रीन पर देखें।' फिल्म के दोबारा रिलीज होने की घोषणा से प्रशंसकों में उत्सुकता बढ़ गई है। आगामी 13 सितंबर को रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म 'तुझे मेरी कसम' भी एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## सनी देओल की 'बॉर्डर 2' से जुड़े दिलजीत दोसांझ

पिछले काफी समय से यह खबरें आ रही थीं कि सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' में गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की एंट्री हो गई है। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई थी। अब आखिरकार इस खबर पर निर्माताओं ने मोहर लगा दी है। दरअसल, वरुण धवन के बाद दिलजीत फिल्म 'बॉर्डर 2' से जुड़ गए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में एक वीडियो साझा कर उनका टीम में स्वागत किया है।



### 23 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी फिल्म

निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो साझा किया है, उसके बैकग्राउंड में दिलजीत की आवाज सुनने को मिल रही है। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अनुराग सिंह ने 'बॉर्डर 2' के निर्देशन की कमान संभाली है।




## 8 सितंबर को रिलीज होगा 'जिगरा' का ट्रेलर

'हाईवे', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों के दिलों में अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जिगरा' को लेकर चर्चा में हैं। यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म आलिया के साथ अभिनेता वेदांग रैना भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। अब 'जिगरा' से आलिया की नई झलकियां सामने आ गई हैं, जिसमें उनका दमदार अवतार देखने को मिल रहा है।

### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म

आलिया ने इंस्टाग्राम पर 'जिगरा' से अपनी झलकियां साझा की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'दम है...सत्य में दम है।' पोस्टर साझा करते हुए उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज होगा। फिल्म का टीजर पहले ही सामने आ चूका है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आलिया इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के साथ मिलकर कर रही हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान वासन बाला ने संभाली है।

## अनिल कपूर का नाम 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल



टाइम पत्रिका ने ऐसे 100 लोगों के नामों की सूची जारी की है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में प्रभावशाली रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अनिल कपूर का भी नाम शामिल है। अनिल के अलावा इस सूची में हॉलीवुड स्टार स्कारलेट जॉनसन, मेटा के मार्क जुकरबर्ग और गूगल के सुंदर पिचाई तक का नाम शामिल है। अनिल का नाम इस सूची में इसलिए शामिल किया गया है, क्योंकि पिछले साल उन्होंने AI से जुड़ा एक केस जीता था।

न्यूज़ ब्रीफ

## बीजद ने राज्यसभा सदस्य सुजीत को किया निष्कासित

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) ने शुक्रवार को अपने राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार को दल विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके बाद सांसद ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कुमार को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से बीजद से निष्कासित किया जाता है। बयान में कहा गया है, जिस पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेजा, उसी पार्टी को उन्होंने निराश किया है। उन्होंने कालाहांडी जिले के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं पर भी कुठाराघात किया है।

## विज्ञापन को लेकर अपने प्रभुत्व का फायदा उठा रही गूगल : ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन ने शुक्रवार को गूगल पर डिजिटल विज्ञापन व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार अपनाने का आरोप लगाया। ब्रिटिश नियामकों ने कहा कि तकनीकी दिग्गज ब्रिटेन में अपने प्रभुत्व का फायदा उठाकर प्रतिस्पर्धा खत्म करने के लिए ऐसा कर रहा है। ब्रिटेन की प्रतिस्पर्धा और बाजार प्राधिकरण ने कहा, अमेरिकी कंपनी ब्रिटेन के 2.4 अरब डॉलर के डिजिटल विज्ञापन बाजार में ऑनलाइन प्रकाशकों और विज्ञापनदाताओं को नुकसान पहुंचाकर अपनी सेवाओं को प्राथमिकता देती है। प्राधिकरण के अंतरिम कार्यकारी निदेशक जूलियट एनसर ने कहा, हमने अस्थायी रूप से पाया कि जब लोगों द्वारा वेबसाइटों पर देखे जाने वाले विज्ञापनों की बात आती है तो गूगल अपनी बाजार शक्ति का उपयोग प्रतिस्पर्धा में बाधा डालने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि गूगल का प्रतिस्पर्धा-विरोधी आचरण जारी है। वहीं, कंपनी ने इन आरोपों का खंडन किया है।

## इस माह के अंत में होगी 'यू-विन की शुरुआत

**नई दिल्ली।** टीकाकरण प्रबंधन के लिए इस महीने के अंत तक 'यू-विन नाम के पोर्टल की शुरुआत की जाएगी। इसके माध्यम से तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और सालाना जन्म लेने वाले लगभग 2.7 करोड़ बच्चों के टीकाकरण व दवाओं का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डिजिटल समाधान विषय पर यहां आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अपूर्व चंद्रा ने कहा, 'यू-विन प्लेटफॉर्म कोरोना वायरस महामारी के दौरान कोविड-19 टीका प्रबंधन के लिए शुरू 'को-विन की तरह होगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसे प्रायोगिक तौर पर चलाया जा रहा है। यह सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के प्रत्येक टीकाकरण कार्यक्रम को कवर करता है।

## AAP विधायक की ED हिरासत 3 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार(6 सितंबर) को दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की ED हिरासत को 3 दिन बढ़ा दिया। ED ने कोर्ट से पूछताछ के लिए 10 दिन की हिरासत मांगी थी। ED ने 2 सितंबर को 4 घंटे की पूछताछ के बाद AAP विधायक को अरेस्ट किया था।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव

# बीजेपी का घोषणा पत्र जारी

### 5 लाख रोजगार, हर साल 2 फ्री सिलेंडर देने का वादा

एजेंसी । श्रीनगर

भाजपा ने शुक्रवार, 6 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। उन्होंने कहा, '5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री LPG सिलेंडर दिया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी।' जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

### शाह बोले- 370 की वापसी कभी नहीं होगी



**गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे**

शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 (A) बीते दौर की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे।'

### बीजेपी के संकल्प पत्र की 9 बड़ी बातें

**महिलाओं के लिए:** उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर। मां सम्मान योजना के जरिए हर एक परिवार की सबसे सीनियर महिला को 18 हजार रुपए महीने की आर्थिक सहायता। महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप का लोन माफ की घोषणा।

**स्टूडेंट्स के लिए, युवाओं के लिए :** पंडित प्रेम नाथ डोगरा रोजगार योजना के जरिए 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करना। प्रगति शिक्षा योजना के तहत कॉलेज स्टूडेंट्स को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता। JKPSC और UPSC की तैयारी के लिए 2 साल तक 10 हजार रुपए कोचिंग फीस की आर्थिक सहायता। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा।

**राज्य के डेवलपमेंट के लिए :** श्रीनगर की डल झील को वर्ल्ड क्लास टूरिस्ट बनाया जाएगा। श्रीनगर के टैटू ग्राउंड में एम्यूजमेंट पार्क बनाया जाएगा। डोडा, किश्तवाड़, रामबन, राजौरी, पुंछ, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी एरिया टूरिस्ट इंडस्ट्री के तौर पर अपडेट होंगे। कश्मीर घाटी में गुलमर्ग और पहलगाम को मॉडर्न टूरिस्ट सिटी बनाया जाएगा। श्रीनगर में तवी रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। रणजीत सागर बांध बसोहली के लिए अलग झील विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा।

**पानी और सोलर के लिए:** बिजली-पानी के बकाया बिलों की समस्या के लिए योजना लाई जाएगी। हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन) के तहत जम्मू-कश्मीर के सभी घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए परिवारों को मुफ्त बिजली, सोलर उपकरण लगाने के लिए 10 हजार की सब्सिडी की घोषणा।

**संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए :** एडहॉक, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए नई नीति लाई जा सकती है। आंगनवाड़ी, आशा, एनएचएम, रहबर-ए-खेल कर्मचारियों (Rek), सामुदायिक सूचना केंद्र (CIC) संचालकों, होम गार्ड और राष्ट्रीय युवा कोर जैसे कम्युनिटी वर्करों को अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

**किसानों के लिए :** पीएम किसान सम्मान निधि में 10 हजार दिए जाएंगे, 6 हजार रुपए में अतिरिक्त 4 हजार शामिल होंगे। खेती के कामों के लिए बिजली दरों को 50 फीसदी कम किया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (करीब एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी।

**डेवलपमेंट बोर्ड और IT हब के लिए :** जम्मू-कश्मीर में सरकारी योजनाओं की निगरानी के लिए तीन क्षेत्रीय विकास बोर्ड (RDB) स्थापित किए जाएंगे। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा। उधमपुर में फार्मास्युटिकल पार्क और किश्तवाड़ में आयुष हर्बल पार्क की स्थापना।

**विस्थापित समाज पुनर्वास योजना के लिए :** टीका लाल टपलू विस्थापित समाज पुनर्वास योजना शुरू होगी। कश्मीरी पंडितों, वाल्मीकि, गोरखाओं सहित अन्य विस्थापितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास में तेजी लाई जाएगी।

**100 खंडहर मंदिरों के लिए :** ऋषि कश्यप तीर्थ पुनरुद्धार अभियान के अंतर्गत हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। 100 खंडहर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शंकराचार्य मंदिर (ज्येष्ठेश्वर मंदिर), रघुनाथ मंदिर व मार्तंड सूर्य मंदिर सहित अन्य मौजूदा मंदिरों का और अधिक विकास किया जाएगा।

# बुच के खिलाफ जांच करेगी पार्लियामेंट्री कमेटी

### 2024-25 का परफॉर्मेंस रिव्यू भी करेगी पार्लियामेंट्री कमेटी

एजेंसी । नई दिल्ली

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ लगे आरोपों की जांच की जाएगी। संसदीय लोक लेखा समिति (पीएसी) माधबी के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए तैयार है। समिति इस महीने के अंत में उन्हें तलब कर सकती है। वहीं, कांग्रेस ने एक बार फिर सेबी प्रमुख पर हितों के टकराव का आरोप लगाया है। पीएसी ने घोषणा की है कि वह वर्ष 2024-25 के लिए मुख्य फोकस के रूप में संसद के अधिनियम के आधार पर स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा करेगी इसमें बुच के खिलाफ लगे आरोपों की जांच भी की जाएगी। पीएसी के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने बुच को पीएसी के समक्ष तलब किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि बाकी चीजों पर समिति को फैसला करना है। उन्होंने कहा कि सदस्यों ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामकों की कामकाज की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों का सुझाव दिया। इस सुझाव को हमने एजेंडे में शामिल कर लिया है।



### समिति ने इन विषयों को चुना

समिति द्वारा स्वतः चुने गए विषयों में संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित विनियामक निकायों के प्रदर्शन की समीक्षा, बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में सुधार, केंद्र प्रायोजित कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा, ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन के लिए चल रहे नीतिगत उपाय और सार्वजनिक अवसंरचना एवं अन्य सार्वजनिक उपयोगिताओं पर शुल्क, टैरिफ, प्रयोक्ता प्रभारों का लेवी और विनियमन शामिल है। लोक लेखा समिति ने अपने कार्यकाल के दौरान समिति के समक्ष पिछले वर्ष से लंबित मामलों के अतिरिक्त 161 विषयों का चयन किया है। बुच, अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के दावों की सेबी की जांच को लेकर हितों के टकराव के आरोपों का सामना कर रही हैं।

### 10 सितंबर को होगी पीएसी की अगली बैठक

पीएसी की अगली बैठक 10 सितंबर को होगी। पीएसी हवाई अड्डों जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगाए गए शुल्क, टैरिफ (आयातित या नियंत्रित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला शुल्क), उपयोगकर्ता शुल्क आदि का भी ऑडिट करेगी। वर्तमान में, सात भारतीय हवाई अड्डों का प्रबंधन अडानी समूह द्वारा किया जाता है। पीएसी सरकार के राजस्व और व्यय के ऑडिट के लिए जिम्मेदार है।

### कांग्रेस का आरोप



कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश की ओर से लगाए गए आरोपों में कहा गया है कि सेबी प्रमुख आईसीआईसीआई बैंक से सेवानिवृत्ति के बाद भी सैलरी ले रही थीं। इस बीच प्रोफेशनल्स कांग्रेस और डेटा एनालिटिक्स के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने एक न्यूज आर्टिकल का हवाला देते हुए कहा है कि कांग्रेस को यह भी जानकारी मिली है कि बुच 2011 से 2013 के बीच आईसीआईसीआई बैंक में कार्यकाल के दौरान ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल में भी कार्यरत थीं।

### 2.16 करोड़ की किराये के रूप में आय हुई

कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि 2018 से 2024 के बीच बुच को सेबी के पूर्णकालिक सदस्य और बाद में अध्यक्ष के रूप में वॉकहार्ट लिमिटेड से संबद्ध कंपनी कैरोल इन्फो सर्विसेज लिमिटेड से 2.16 करोड़ रुपए की किराये के रूप में आय हुई। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वॉकहार्ट लिमिटेड की 2023 के दौरान इनसाइडर ट्रेडिंग सहित विभिन्न मामलों में सेबी द्वारा जांच की जा रही है। खेड़ा ने कहा कि यह भ्रष्टाचार का एक स्पष्ट मामला है, जो हितों के टकराव से जुड़ा है और सेबी के बोर्ड के सदस्यों के लिए हितों के टकराव पर लागू 2008 की संहिता की धारा 4, 7 और 8 का उल्लंघन करता है। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि सेबी अध्यक्ष की नियुक्ति दो मार्च, 2022 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा की गई थी, जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री हैं। क्या उनकी नियुक्ति इस शर्त पर की गई कि वह अपने पिछले वित्तीय संबंधों को बनाए रख सकती हैं, बशर्ते वह प्रधानमंत्री और उनके करीबी सहयोगियों की इच्छा के अनुरूप काम करें। खेड़ा ने कहा कि वह सेबी प्रमुख को चुनौती देते हैं कि वह सामने आएं और अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत साबित करें।

## मणिपुर में पहली बार एंटी-ड्रोन मशीन गन का होगा इस्तेमाल

### केंद्र सरकार ने मंजूरी दी

**इंफाल।** केंद्र सरकार ने पहली बार मणिपुर में एंटी ड्रोन मीडियम मशीन गन के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। यह फैसला 1-3 सितंबर के बीच राज्य में दो ड्रोन हमलों के बाद लिया गया है। राज्य में मार्च 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा चल रही है। मणिपुर में इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में 3 सितंबर की शाम उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किया था, जिसमें में एक महिला समेत 3 लोग घायल हुए थे। वहीं 1 सितंबर को कोत्रुक गांव में भी ड्रोन से हमला किया गया था। जिसमें दो की मौत और 9 घायल हुए थे। ये आशंका जताई जा रही है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है, या वे सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं। मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है।



### एक दिन में दूसरा रॉकेट बम हमला, 1 की मौत

मणिपुर के विष्णुपुर में 6 सितंबर को उग्रवादी समूह ने रॉकेट बम से हमला किया। इसमें 1 बुजुर्ग व्यक्ति की मौत और 1 बच्चे सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग व्यक्ति अपने घर पर धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी कर रहा था, तभी बम गिरा। यह एक दिन में दूसरा रॉकेट बम हमला है। इसे स्थानीय लोगों ने खुद बनाया था।

## कोलकाता दुष्कर्म-हत्या केस

# पूर्व प्रिंसिपल के 6 ठिकानों पर रेड

एजेंसी । कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के 6 ठिकानों पर शुक्रवार को ED ने छापा मारा। अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों पर ED ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर यह कार्रवाई की। इससे पहले CBI इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप पर घोष को गिरफ्तार कर चुकी है। ED ने सुबह घोष के बेलियाघाटा स्थित घर और उनके करीबियों के हावड़ा और सुभाषग्राम स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की। 7 घंटे की कार्रवाई के बाद ED ने संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को सुभाषग्राम के डे पारा इलाके में उनके आवास से हिरासत में लिया। चटर्जी को आरजी कर के सेमिनार हॉल से वायरल हुए वीडियो में भी देखा गया था।

### घोष को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका



घोष को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका मिला। घोष ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी का मामला CBI को सौंपने के कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को CBI को आरजी कर रेप-हत्या केस और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच सौंपी थी। CBI ने घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग घोष को सस्पेंड कर चुका है। 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने भी संदीप घोष की सदस्यता रद्द कर दी थी।

### CBI की जांच में खुलासा- संदीप घोष ने घटना के अगले दिन रेनोवेशन का ऑर्डर दिया

इस बीच 5 सितंबर को CBI की जांच में सामने आया है कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन ही संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था। ट्रेनी डॉक्टर का शव 9 अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में ही मिला था। सूत्रों के मुताबिक CBI को ऐसे डॉक्यूमेंट मिले हैं, जिनमें इस बात की पुष्टि हुई है कि संदीप घोष ने 10 अगस्त को लेटर लिखकर स्टेट पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (PWD) को सेमिनार हॉल से लगे कमरे और टॉयलेट का रेनोवेशन करने को कहा था। इस परमिशन लेटर पर घोष के साइन भी हैं।

## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस जॉइन की

एजेंसी । चंडीगढ़

ओलिंपियन पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। दिल्ली में पार्टी की सदस्यता लेते हुए दोनों ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस को बुरे वक्त का साथी बताया। विनेश फोगाट ने कहा कि बुरे समय में पता लगता है कि आपके साथ कौन है। हम जब सड़कों पर घसीटे जा रहे थे तो भाजपा को छोड़कर सभी दल हमारे साथ थे। मुझे खुशी है कि मैं ऐसे दल के साथ में हूं, जो महिलाओं के हित में खड़ी है। उनकी लड़ाई संसद से सड़क तक लड़ने के लिए तैयार है। हम हर उस महिला के साथ हैं, जो खुद को पीड़ित महसूस करते हैं।



### कांग्रेस में आते ही विनेश फोगाट-बजरंग पूनिया हमलावर

फोगाट ने कहा कि भाजपा ने हमें दंगा हुआ कारतूस बताया था। उन्होंने कहा कि ये नेशनल नहीं खेलना चाहती। मैंने वह खेला और जीती। फिर कहा कि ट्रायल देकर नहीं जाना चाहती। मैंने ट्रायल दिया और ओलिंपिक में गई। दुर्भाग्य से अंत में चीजें बिगड़ गईं। परमात्मा ने मुझे देश की सेवा करने का मौका दिया है और इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। मैं कहूंगी कि एक खिलाड़ी होने के नाते हमें जो झेलना पड़ा, उन्हें वह न झेलना पड़े। विनेश फोगाट ने कहा कि बजरंग पूनिया पर डोप का बैन लगा दिया गया। इसलिए कि वह हमारे साथ थे।

## अध्ययन

### सूखे के खतरे वाले इलाके में उत्पन्न हो रही बाढ़ की स्थिति

# देश के 85 फीसदी जिले बाढ़, सूखे और चक्रवात से प्रभावित

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के 85 प्रतिशत से अधिक जिले बाढ़, सूखे और चक्रवात जैसे कठोर जलवायु घटनाओं के प्रभाव में हैं। 45 प्रतिशत जिलों में 'स्वैपिंग की प्रवृत्ति देखी जा रही है, जहां पारंपरिक रूप से बाढ़ का खतरा रहा लेकिन अब सूखे की स्थिति पैदा हो रही है और इसी प्रकार सूखे के खतरे वाले इलाके में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। आईपीई ग्लोबल और ईएसआरआई इंडिया द्वारा किए गए अध्ययन में ये तथ्य सामने आए हैं। अध्ययन के मुताबिक, अकेले पिछले दशक में इन जलवायु चरम स्थितियों में पांच गुना वृद्धि देखी गई जबकि चरम बाढ़ की घटनाओं में चार गुना वृद्धि हुई। पूर्वी भारत के जिले भीषण बाढ़ की घटनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील हैं, इसके बाद देश के उत्तरपूर्वी और दक्षिणी भागों का स्थान है। अध्ययन से यह भी तथ्य सामने आया कि सूखे की घटनाओं में दो गुना वृद्धि हुई है, विशेष रूप से कृषि और मौसम संबंधी सूखे में, तथा चक्रवात की घटनाओं में चार गुना वृद्धि हुई है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और असम के 60 प्रतिशत से अधिक जिले एक से अधिक चरम जलवायु घटनाओं का सामना कर रहे हैं।



### 147 करोड़ भारतीय प्रभावित होंगे

अध्ययन के अनुसार, विनाशकारी जलवायु की वर्तमान प्रवृत्ति की वजह से 10 में से 9 भारतीयों को चरम जलवायु घटनाओं के खतरे का सामना करना पड़ रहा है जो पिछली शताब्दी में 0.6 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि का परिणाम है। विश्लेषण बताता है कि 2036 तक 147 करोड़ से अधिक भारतीय कठोर मौसमी घटनाओं से प्रभावित होंगे।

### ओम पर्वत का उदाहरण दिया

आईपीई ग्लोबल में जलवायु परिवर्तन और स्थिरता लाने के तौर तरीकों के प्रमुख एवं अनुसंधान पत्र के लेखक अविनाश मोहंती ने कहा, हाल ही में केरल में मूसलाधार और असमान बारिश के कारण भूस्खलन, गुजरात में बाढ़, उत्तराखंड में ओम पर्वत की बर्फ की चादर का गायब होना और अचानक व अप्रत्याशित बारिश से शहरों का ठप हो जाना इस बात का प्रमाण है कि जलवायु बदल गई है।

### बिहार-झारखंड में विपरीत बदलाव दिख रहे

अध्ययन के मुताबिक 45 प्रतिशत से अधिक जिलों में परिपाटी में विपरीत बदलाव देखने को मिल रहा है। बाढ़ से सूखे की स्थिति में आने वाले जिलों की संख्या, सूखे से बाढ़ की स्थिति में आने वाले जिलों से अधिक है। त्रिपुरा, केरल, बिहार, पंजाब और झारखंड के जिलों में पारंपरिक जलवायु परिस्थिति में बदलाव की प्रवृत्ति सबसे अधिक देखी गई है।

### जीडीपी को नुकसान

आईपीई ग्लोबल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने कहा, भारत ने जलवायु प्रभावों के कारण वर्ष 2022 में आठ प्रतिशत जीडीपी हानि और 7.5 प्रतिशत की संचयी पूंजीगत संपत्ति में कमी का अनुभव किया है।

### इस तरह हुआ अध्ययन

अध्ययन के दौरान पांच दशक के आंकड़ों का विश्लेषण और स्थानिक एवं लौकिक मॉडलिंग का उपयोग किया गया।

## बांग्लादेश में 15 साल के हिंदू छात्र की पीट-पीटकर हत्या

### भीड़ ने थाने में घुसकर किया हमला

**खुलना।** बांग्लादेश में 15 वर्षीय हिंदू छात्र उत्सव मंडल की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। उत्सव मंडल ने कथित तौर पर पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में उत्सव को पुलिस ने बिना किसी सबूत के गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद भीड़ ने पुलिस स्टेशन में घुसकर उसके ऊपर हमला कर दिया। भीड़ ने उत्सव को इतना पीटा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज (HRCBM) ने इस हत्याकांड की कड़ी निंदा की और इसे ईसानियत के खिलाफ बताया है।

**पुलिस ने मंडल को हिरासत में लिया, कोई जांच नहीं की :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्सव मंडल एक कॉलेज स्टूडेंट था और बांग्लादेश के खुलना शहर का रहने वाला था। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट किया गया था। इस पोस्ट को लेकर इस्लामिक चरमपंथियों ने शिकायत की थी। पुलिस ने इस शिकायत पर एक्शन लेते हुए उत्सव मंडल को हिरासत में लिया।



### HRCBM ने पुलिस को भी हत्या का जिम्मेदार ठहराया

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पुलिस ने ही इस्लामिक चरमपंथी ग्रुप को गिरफ्तार करने की जानकारी दी थी। जिसके बाद सैकड़ों की तादाद में लोगों ने थाने के अंदर घुसकर उत्सव मंडल पर हमला बोल दिया। दिनदहाड़े पुलिस स्टेशन में घुसकर हिंदू छात्र की हत्या की घटना के लिए HRCBM ने पुलिस को भी जिम्मेदार ठहराया है।